दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा गुरुवार 06 मार्च 2025 ● वर्ष : 02 अंक : 665

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में नकली टूथपेस्ट स्टोर करने वाले गोदाम में रेड, कई बड़े ब्रांड के नकली पेस्ट मिले, नेपाल से है कनेक्शन!



**लोकतंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली।** समयपुर बादली के सिरसपुर इलाके में ब्रांड सेंसोडाइन के नाम से नकली टूथपेस्ट की फैक्ट्री मामले में नया खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिस वक्त फैक्ट्री में रेड की थी उसके पास एक बड़ा गोदाम भी पकड़ा गया, जहां 'क्लोज अप' टूथपेस्ट भी पैक होकर तैयार रखे हुए थे। सूत्रों ने बताया कि गोदाम में कई टॉप ब्रांड के टूथपेस्ट बड़ी संख्या में मिले हैं। इस गोदाम पर कार्रवाई कोर्ट के दिशा निर्देश पर हुई थी। फैक्ट्री से नकली माल तैयार होकर इसी गोदाम में रखा जाता था। इसके बाद यहां से दिल्ली–एनसीआर समेत देश के दूसरे राज्यों में लोकल डीलर के जरिए सप्लाई किया जाता था। वहीं, नकली टूथपेस्ट की फैक्ट्री चला रहे शख्स को पुलिस अभी पकड़ नहीं पाई है। उसकी तलाश में छापेमारी चल रही है। फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिकों से पूछताछ चल रही है।

**कई पैकेजिंग पर लिखा 'मेड इन नेपाल' :** सूत्रों ने बताया कि गोदाम और फैक्ट्री से मिले नकली टूथपेस्ट की कई पैकेजिंग में 'मेड इन नेपाल' लिखा हुआ था। जिसकी वजह से अंदेशा है कि यहां से नकली टूथपेस्ट का माल वाया रोड सीधे नेपाल पहुंचाया जाता है। नेपाल की मार्केट में नकली प्रोडक्ट खपाया जाता है। हालांकि पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि नहीं की। उनका कहना है कि यह अभी जांच का पार्ट है। वहीं, दूसरी तरफ सदर बाजार के जरिए नकली प्रोडक्ट बाहर भेजे जाने की तफ्तीश चल रही है। सदर बाजार के होलसेल मार्केट में खपाया जाता था नकली माल सदर बाजार के होलसेल फुटपाथ मार्केट में इन नकली प्रोडक्ट को खपाया जाता था। यहां से दूसरे राज्यों को भेजा जाता था। पुलिस का कहना है कि मुख्य आरोपी के पकड़े जाने के बाद बाकी कड़ियों को जोड़ा जाएगा। पेस्ट बनाने में इस्तेमाल हो रहे केमिकल की जांच चल रही है। मौके से कई तरह के ऑयल, केमिकल की बोतल मिली हैं। ब्रांडेड कंपनियों के नाम से दिन रात बन रहे नकली टूथपेस्ट की यह फैक्ट्री सिरसपुर में पकड़ी गई थी।

# बोफोर्स का जिन्न फिर निकलने वाला है भारत ने अमेरिका से मांगे अहम सबूत

**लोकतंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली।** बोफोर्स तोप घोटाले की जांच फिर से शुरू हो सकती है। यह कथित घोटाला 1980 के दशक में राजीव गांधी सरकार के समय हुआ था। स्वीडन से 155 की तोपें खरीदने के सौदे में घोटाला हुआ था। सीबीआई ने अमेरिका से मदद मांगी है। कुछ दिन पहले सीबीआई ने अमेरिकी न्याय विभाग को एक पत्र भेजा है। इस पत्र को 'लेटर रोगेटरी' कहते हैं। इसे एक विशेष अदालत ने जारी किया है। उइक माइकल हर्शमैन से जुड़ी जानकारी चाहती है। हर्शमैन अमेरिका की एक प्राइवेट जासूसी कंपनी 'फेयरफैक्स' के प्रमुख हैं। सीबीआई को शक है कि स्वीडिश कंपनी 'ए बी बोफोर्स' ने भारत से तोपों का सौदा पाने के लिए रिश्वत दी थी। हर्शमैन के पास इस रिश्वत से जुड़ी जानकारी हो सकती है।

**अमेरिका की प्राइवेट जासूसी कंपनी के चीफ से जानकारी चाहता है भारत :** साल 2017 में हर्शमैन ने दावा किया था कि राजीव गांधी उस समय बहुत गुस्से में थे, जब उन्हें एक स्विस बैंक खाते 'मोंट ब्लैंक' के बारे में पता चला था। हर्शमैन के मुताबिक, इसी खाते में बोफोर्स की रिश्वत का पैसा रखा गया था। हर्शमैन ने यह भी दावा किया था कि तत्कालीन सरकार ने उनकी जांच में बाधा डाली थी। सीबीआई ने अक्टूबर में दिल्ली की एक अदालत से संपर्क किया था। सीबीआई ने अदालत को बताया था कि वे अमेरिकी अधिकारियों से जानकारी मांगना चाहते हैं। हर्शमैन ने भारतीय एजेंसियों के साथ सहयोग करने की बात कही थी। इसके बाद उइकने यह कदम उठाया। हर्शमैन बोफोर्स मामले में अपनी भूमिका के कारण राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गए थे।

**क्या होता है 'लेटर रोगेटरी'?:** लेकिन यह 'लेटर रोगेटरी' क्या होता है? यह एक देश की अदालत द्वारा दूसरे देश की अदालत को भेजा जाने वाला एक औपचारिक, लिखित अनुरोध होता है। इसके जरिए सबूत इकट्ठा करने या आपराधिक मामले की जांच और मुकदमे में मदद मांगी जाती है। बोफोर्स घोटाले का खुलासा स्वीडिश रेडियो ने किया था। 1989 के चुनावों में राजीव गांधी की हार का एक बड़ा कारण यही घोटाला था। हालांकि दिल्ली हाई कोर्ट ने 2004 में पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों को खारिज कर दिया था। लेकिन इस घोटाले से जुड़े सवाल अभी भी बने हुए हैं।

**क्वात्रोची की भूमिका को लेकर बड़े सवाल :** सबसे बड़ा सवाल ओत्तावियो क्वात्रोची की भूमिका को लेकर है। क्वात्रोची एक इतालवी बिजनेसमैन थे। राजीव गांधी सरकार के दौरान उनका काफी दबदबा था। जब क्वात्रोची की जांच चल रही थी, तब उन्हें मलेशिया जाने दिया गया था। यह भी एक बड़ा सवाल है। एक और सवाल तत्कालीन विदेश मंत्री माधवसिंह सोलंकी द्वारा 1992 में अपने स्विस समकक्ष को लिखे गए एक पत्र को लेकर है। इस पत्र में सोलंकी ने स्विस सरकार से जानकारी देने में देरी करने के लिए कहा था।

### 40 साल पुराने केस की जांच फिर से शुरू होने के संकेत




### पब्लिक ब्रॉडकास्टर ने बोफोर्स डील में रिश्वतखोरी का किया था दावा

क्वात्रोची इतालवी कंपनी 'स्नैम्प्रोजेट्टी' के प्रतिनिधि थे। वढअ सरकार ने क्वात्रोची के ब्रिटेन के एक बैंक खाते में जमा लाखों डॉलर को जब्त नहीं करने का फैसला किया था। इसके बाद क्वात्रोची फिर से चर्चा में आ गए थे। 1987 में स्वीडिश पब्लिक ब्रॉडकास्टर ने होवित्जर सौदे में रिश्वत के खुलासे से भारत और स्वीडन दोनों को चौंका दिया था।सीबीआई ने 1990 में मामला दर्ज किया था। बाद में 1999 और 2000 में चार्जशीट दायर की गई। राजीव गांधी को आरोप मुक्त करने के बाद एक विशेष अदालत ने हिंदुजा भाइयों सहित बाकी सभी आरोपियों के खिलाफ सभी आरोप हटा दिए। 2011 में क्वात्रोची को भी आरोप मुक्त कर दिया गया था।

### बोफोर्स केस पर एक नजर

- 1986– भारत ने आर्मी के लिए स्वीडन की हथियार कंपनी एबी बोफोर्स के साथ 155 एमएम होवित्जर तोपों के सौदे पर दस्तखत किया। कुल 1,437 करोड़ रुपये में 400 तोपों की डील हुई।
- 1987–स्वीडन के रेडियो चैनल ने आरोप लगाया कि डील पक्की करने के लिए राजनेताओं और रक्षा अधिकारियों को 64 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी।
- 1990– सीबीआई ने केस दर्ज की
- 1999, 2000– चार्जशीट दाखिल। इतालवी बिजनसमैन ओट्टावियो क्वात्रोची का भी चार्जशीट में नाम।
- 2004– राजीव गांधी बेदाग
- 2005– हाई कोर्ट ने सीबीआई का केस रद्द किया
- 2011– क्वात्रोची इस केस में आरोपमुक्त घोषित

# औरंगजेब की तारीफ के बाद सपा नेता अबू आजमी महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित, कैंपस में घुसने पर पांबदी




**लोकतंत्र की आवाज**

- औरंगजेब पर दिए बयान के बाद आजमी पर कार्रवाई
- मौजूदा विधानसभा सत्र के लिए अबू आजमी सस्पेंड

**मुंबई।** औरंगजेब की तारीफ करने पर चौतरफा घिरे समाजवादी पार्टी के नेता और विधायक अबू आजमी को विधानसभा से सस्पेंड कर दिया है। महाराष्ट्र में आजमी के बयान पर बीजेपी और शिवसेना ने मोर्चा खोल दिया था। अबू आजमी के खिलाफ दो एफआईआर भी दर्ज की गई हैं। बुधवार को आजमी के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की गई। अबू आजमी मुंबई की मानखुर्द शिवाजीनगर विधानसभा सीट से चौथी बार चुने गए हैं। आजमी ने कहा था कि औरंगजेब निर्दयी शासक नहीं था। बयान के तूल पकड़ने पर उन्होंने अपने बयान के पीछे इतिहासकारों का हवाला देते हुए माफी मांगी थी।

**कब तक निलंबित रहेंगे आजमी?:** महाराष्ट्र विधानसभा से अबू आजमी का निलंबन पूरे सत्र के लिए किया गया है। तीन मार्च से शुरू हुआ बजट सत्र 26 मार्च तक चलेगी। निलंबन की कार्यवाही के बाद अब अबू आजमीन विधानसभा की कार्यवाही में भाग नहीं ले पाएंगे। अबू आजमी के ऊपर विधानसभा के स्पीकर ने परिसर में प्रवेश करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इस मुद्दे पर अभी अबू आजमी की प्रतक्रिया सामने नहीं आई है। अबू आजमीन महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के सबसे बड़े नेता है। उनके बयान पर डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की थी।

**आजमी पर गरमाई राजनीति :** अबू आजमी द्वारा औरंगजेब का महिमामंडन किए जाने पर कांग्रेस ने कहा है कि वे बीजेपी की स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। विस में कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा था कि ऐसा इसलिए हो रहा है ताकि मूल मुद्दों पर चर्चा न हो सके। निलंबन की कार्रवाई के बाद भी यह मामला शांत नहीं हो रहा है।

# ट्रंप के टैरिफ वॉर के बीच भारत अपने पुराने दोस्त के साथ करेगा बात

**लोकतंत्र की आवाज**




- भारत–रूस वार्षिक परामर्श में व्यापार और निवेश पर चर्चा होगी
- रूस से ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार संतुलन पर जोर दिया जाएगा

**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिकी सरकार ने दुनियाभर के देशों से आयात पर टैरिफ बढ़ाने का फैसला किया तो वैश्विक व्यापार के क्षेत्र में खलबली मच गई। सभी देश ट्रंप प्रशासन के फैसले के असर को कम करने की जुगत में भिड़ गए। बढ़े हुए अमेरिकी टैरिफ का ताप भारत भी महसूस कर रहा है। इस बीच भारत और रूस के विदेश विभाग के बीच वार्षिक परामर्श कार्यक्रम का वक्त आ गया है। इसके लिए भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री रूस जा रह हैं। 7 मार्च को होने वाली मीटिंग में दोनों देशों के रिश्तों की समीक्षा की जाएगी। स्वाभाविक है कि इस समीक्षा बैठक में ट्रंप प्रशासन की तरफ से छेड़े गए 'टैरिफ वॉर' के मद्देनजर मुद्दे उठ सकते हैं।

**रूस जाएंगे विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री:** न्यूज वेबसाइट हिंदुस्तान टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री अपने रूसी समकक्ष के साथ फॉरेन ऑफिस कंस्लटेशन करेंगे। इसके अलावा, मिस्त्री अपने एक दिन के दौरे में रूस के शीर्ष नेतृत्व से भी मिलेंगे। इस दौरे से दोनों पक्षों को महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान करने का मौका मिलेगा।

**रूस–भारत के विदेश विभाग के बीच क्या होगी बात?:** सूत्रों के मुताबिक, दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ाना एक अहम मुद्दा होगा। खासकर भारतीय निर्यात को बढ़ाकर दोतरफा व्यापार को और संतुलित बनाने की पहल पर गंभीर चर्चा होनी है। पश्चिमी देशों के अतिरिक्त प्रतिबंधों के बावजूद भारत को रूसी ऊर्जा आपूर्ति बनाए रखना भी चर्चा का विषय होगा। सूत्रों के मुताबिक, विदेश सचिव की रूस में होने वाली बैठकों में ये मुद्दे प्रमुखता से उठेंगे।

**रूस से व्यापार घाटा घटाने पर भारत का जोर:** अभी दोनों देशों के बीच लगभग 66 अरब डॉलर का व्यापार होता है। लेकिन यह रूस के पक्ष में झुका हुआ है क्योंकि 2022 से भारत बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीद रहा है। भारत ने व्यापार को संतुलित बनाने के लिए रूसी बाजारों में अधिक पहुंच की मांग की है। पिछले साल, दोनों पक्षों ने 2030 तक 100 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य रखा था।

### और मजबूत होंगे भारत–रूस के संबंध?

विदेश सचिव का यह दौरा रूस के लिए भारत को यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने के नवीनतम प्रयासों के बारे में जानकारी देने का एक अवसर माना जा रहा है। खासकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से संपर्क करने और यूरोप को सुरक्षा गारंटी प्रदान करने की पारंपरिक अमेरिकी स्थिति से दूर हटने के बाद। यह दौरा दोनों देशों के लिए रिश्तों को मजबूत करने और आपसी सहयोग को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण मौका है। इससे आगे चलकर दोनों देशों के बीच और भी व्यापारिक और राजनीतिक संबंध मजबूत होने की उम्मीद है। भारत और रूस के बीच यह परामर्श दोनों देशों के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

# नक्सलियों का खूनी खेल जारी, चाईबासा में आईईडी विस्फोट में तीन जवान घायल

**लोकतंत्र की आवाज**





- चाईबासा में नक्सलियों के आईईडी विस्फोट में 3 जवान घायल हुए
- घायलों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है
- सीआरपीएफ की टीम नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन में जुटी थी
- झारखंड पुलिस ने पिछले 10 दिनों में कई नक्सली डंप ध्वस्त किए

**चाईबासा।** झारखंड के चाईबासा जिले में नक्सलियों की ओर से जमीन के नीचे लगाए गए आईईडी विस्फोट की चपेट में आकर सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के एक असिस्टेंट कमांडेंट सहित तीन जवान घायल हो गए हैं। घायलों को एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए रांची लाया गया है। विस्फोट की घटना जराईकेला थाना क्षेत्र के बलीबा में बुधवार को उस वक्त हुई, जब सुरक्षा बलों और पुलिस की ज्वाइंट टीम जंगल–पहाड़ी से घिरे इलाके में नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन में जुटी थी।

**घायल जवानों को तत्काल रांची लाया गया :** चाईबासा के एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। इसी दौरान एक आईईडी में विस्फोट की घटना हुई है। विस्फोट की चपेट में आए सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट और दो जवानों को तत्काल हेलीपैड तक लाया गया और इसके बाद हेलीकॉप्टर के जरिए उन्हें रांची पहुंचाया गया। ब्लास्ट की यह घटना उस समय हुई है, जब सीआरपीएफ के डीजीपी झारखंड के दौरे पर हैं।

**घायल जवानों से डीजी अनुराग गुप्ता ने मुलाकात की :** घायल जवानों में सीआरपीएफ के 197 बटालियन के कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार, रेडियो ऑपरेटर वीटी राव और असिस्टेंट कमांडेंट जी जे साई शामिल है। झारखंड के पुलिस मुखिया अनुराग गुप्ता ने घायल जवानों से मुलाकात की है। उन्होंने कहा है कि चाईबासा इलाके को नक्सली मुक्त करने के लिए पूरी ताकत लगा दी गई है। झारखंड में 90: नक्सलवाद खत्म हो चुका है। बचे नक्सलियों के गढ़ चाईबासा को भी झारखंड पुलिस नक्सल मुक्त करा लेगी। अगले 25 दिनों में राज्य नक्सल मुक्त होगा।

**10 दिनों में पश्चिमी सिंहभूम से हथियारों का जखीरा बरामद :** चाईबासा में पुलिस और सुरक्षाबलों ने पिछले दस दिनों के अंदर नक्सलियों के तीन डंप को ध्वस्त करते हुए हथियारों का जखीरा बरामद किया है। मंगलवार को जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी जंगल में एक कैंप को ध्वस्त किया गया था। इस दौरान 10–10 किलोग्राम क्षमता वाले दो आईईडी भी डिफ्यूज कर दिए गए थे। इस कैंप से एक देशी पिस्टल, दो कार्बाइन, एक राइफल, दस किलो आईईडी, 58 डेटोनेटर समेत अन्य सामान बरामद किए गए थे। इसके पहले 24 फरवरी को भी टोंटो थाना क्षेत्र में पुलिस और सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के दो कैंप ध्वस्त किए थे और इस दौरान अमेरिका में निर्मित एम–16 राइफल सहित 10 हथियार और 500 से अधिक गोलियां बरामद की गई थीं।

**माओवादी नक्सली संगठन के कई शीर्ष कमांडर कोल्हान में सक्रिय :** बताया गया है कि भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ते के सदस्यों के साथ सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय है। उनके खिलाफ सुरक्षाबलों द्वारा लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है।

# यूपी विधानसभा बजट सत्र: योगी के चौतरफा हमले झेलता ही नजर आया विपक्ष

**लोकतंत्र की आवाज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। इस पूरे सत्र के दौरान कई बार ऐसा मौका आया जब पक्ष और विपक्ष के नेता एक–दूसरे पर हमलावर रहे हैं। लेकिन कहीं ना कहीं इस पूरे सत्र में सपा मुखिया अखिलेश यादव की कमी देखने को मिली है। मुख्य विपक्ष के तौर पर अखिलेश यादव बीजेपी सरकार को सवालों के कटघरे में खड़ा कर देते थे। यहीं वजह थी कि अखिलेश की मौजूदगी में योगी सरकार असहज दिखती थी। जिस वजह से सत्तापक्ष उतना हावी नहीं हो पाता था, जितना इस बार देखने को मिल रहा है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि इस बार का बजट सत्र पूरी तरह से सीएम योगी आदित्यनाथ के नाम रहा है। जबकि इसके उल्टा होना चाहिए। क्योंकि विपक्ष के पास कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य और महाकुंभ में भगदड़ के दौरान हुई मौत समेत कई जनता से जुड़े मुद्दे थे। ऐसे में सवाल उठने लगा है कि क्या यूपी विधानसभा में अखिलेश यादव की विपक्ष के नेता के तौर पर कमी खल रही है। क्या अखिलेश यादव ने विधायकी छोड़कर, संसद जाकर बड़ी गलती कर दी है?

**बजट सत्र में विपक्ष पर हावी दिख रहे सीएम योगी :** दरअसल इस बजट सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फुल तेवर में दिख रहे है। यही वजह है कि सीएम योगी समाजवादी पार्टी को घेरने का कोई दांव नहीं छोड़ रही है। जबकि विपक्ष के पास कई ऐसे मुद्दे थे, जिनपर योगी सरकार को घेरा जा सकता था। लेकिन सत्तापक्ष के नेताओं ने विपक्ष को अपनी जाल में फंसा लिया और असल मुद्दों से ध्यान भटकाकर अन्य मुद्दों पर बहस ज्यादा होती रही है।

वहीं राजनीतिक जानकारों ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय पर सवाल खड़े किए हैं। उनका मानना है कि पूर्व सीएम मुलायम सिंह यादव के साथ काम करने वाले बड़े दिग्गज नेता अब सीएम योगी आदित्यनाथ के सामने उस तेवर में नहीं दिख पा रहे हैं। इस बार विधानसभा के दोनों सदनों में विपक्ष की भूमिका उतनी प्रभावशाली नहीं दिखी, जितनी होनी चाहिए थी। विपक्ष पूरी तरह से सरकार को घेरने में असफल रहा है और पूरा बजट सत्र सीएम योगी के नाम रहा है।

**अखिलेश यादव ने लोकसभा जाकर कर दी बड़ी गलती :** वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बहादुर सिंह का कहना है कि ये सच बात है कि अखिलेश यादव ने लोकसभा जाकर बहुत बड़ी भूल कर दी है। क्योंकि जिस तरह अखिलेश सीएम योगी से सवाल–जवाब कर रहे थे और सरकार को घेरने का काम कर रहे थे उस तरह से माता प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में विपक्ष योगी सरकार पर हमलावर नहीं हो पा रहा है। इस बार विपक्ष के पास योगी सरकार को घेरने के लिए कई मुद्दे थे लेकिन विपक्ष पूरी तरह से फेल रहा है।

**नए नेता विपक्ष के पास अखिलेश जैसा जवाब और तेवर नहीं :** सुरेश बहादुर सिंह ने यहां तक कह दिया है कि अगर शिवपाल यादव को नेता विपक्ष की जिम्मेदारी दी जाती तो उनकी सक्रियता और प्रभाव भी दिखता। अखिलेश और शिवपाल भले ही मिल गए हैं लेकिन दूरियां कम नहीं हो रही है। अखिलेश किसी भी तरह से शिवपाल यादव के प्रभाव को बढ़ने नहीं देना चाहते हैं। वहीं वरिष्ठ पत्रकार बृजेश सिंह ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने लोकसभा जाकर यूपी विधानसभा में विपक्ष को पूरी तरह से कमजोर कर दिया है।

### क्या अखिलेश यादव ने संसद जाकर कर दी 'भूल'?




# टीका-टोपी पर आरजेडी-जेडीयू के सुर मिले! तेजस्वी की किस बात पर विजय सिन्हा ने दी रोजा रखने की नसीहत

**लोकतंत्र की आवाज**




**पटना।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ तीखी बहस के बाद बुधवार को डेप्युटी सीएम विजय कुमार सिन्हा के साथ तनातनी हो गई। तेजस्वी यादव ने विजय सिन्हा की ओर इशारा करते हुए कहा, 'क्या आपने नहीं बोला था कि बीजेपी का सीएम होगा तभी सभी सपने पूरे होंगे। वीडियो है हमारे पास। सदन में झूठ मत बोलिए। सदन में क्यों झूठ बोलते हैं, यह लोकतंत्र का मंदिर है। आप टीका लगाए हैं, सनातनी आदमी हैं और झूठ बोल रहे हैं।

इस पर डेप्युटी सीएम विजय सिन्हा ने कहा, 'अध्यक्ष जी, झूठ बोलने की जिम्मेदारी इन लोगों की है। विजय सिन्हा अपनी पार्टी के पक्ष में पार्टी के अंदर बात करता है। आपके साथ से बाहर नीतीश कुमार सुशासन स्थापित करने के लिए काम करने के लिए आए। आपको टीका से नफरत है। टोपी पहन लीजिए, टीका से नफरती लोगों को टोपी पहन लेना चाहिए। सदन में गरमा गरम बहस के बाद बीजेपी के प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा मीडिया में आकर भी तेजस्वी यादव को घेरने लगे। प्रभाकर मिश्रा ने कहा, 'तेजस्वी यादव को सनातनियों से इतनी एलर्जी क्यों है। आप जिस तरह से तुष्टीकरण के लिए सनातन परंपरा और सनातनियों को गाली देते हैं। अभी तो पवित्र रमजान का महीना चल रहा है, आपको तो रोजा रखना चाहिए। आप और आपका पूरा परिवार सनातन विरोधी है।' इसके जवाब में आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि टीका लगाने और टोपी पहनने पर कहां लड़ाई है। यहां तो सनातन धर्म सिखाता है दूसरे धर्मों का सम्मान करना।

# इस्लामिक स्टेट के आतंकी को अमेरिका को सौपेंगे पाकिस्तान, ट्रंप के डंडे के आगे झुके शहबाज शरीफ

**लोकतंत्र की आवाज**




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इस्लामिक स्टेट खोरासान (ISKP) के आतंकी मोहम्मद शरीफुल्लाह उर्फ जफर को गिरफ्तार किया है। शरीफुल्लाह पर 20 से ज्यादा आतंकी हमलों में शामिल होने का आरोप है। उसे अफगानिस्तान के हामिद करजई एयरपोर्ट पर 2021 में हुई बमबारी का मास्टरमाइंड माना जाता है। इस हमले में 13 अमेरिकी सैनिकों और 170 अफगान नागरिकों की जान गई थी। इसके चलते वह अमेरिका की मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में शामिल है। पाकिस्तान की सरकार और सेना ने हालिया समय में इस्लामिक स्टेट खुरासान को अफगानिस्तान में तालिबान के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश की है। हालांकि इस मामले में माना जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में शहबाज शरीफ सरकार को शरीफुल्लाह को अमेरिका को सौंपना पड़ रहा है। ट्रंप ने इसके लिए पाक सरकार का धन्यवाद भी किया है।

पाक पीएम शहबाज शरीफ ने अपने बयान में कहा है कि वांछित आतंकवादी को पाकिस्तान–अफगान सीमा क्षेत्र में चलाए गए एक सफल अभियान में गिरफ्तार किया गया। शरीफुल्ला इस्लामिक स्टेट खुरासान का शीर्ष कमांडर और अफगान नागरिक है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शरीफुल्लाह की गिरफ्तारी के लिए पाकिस्तान को धन्यवाद दिया है। मंगलवार को कांग्रेस के संयुक्त सत्र में बोलते हुए ट्रंप ने शरीफुल्लाह की गिरफ्तारी और प्रत्यर्पण की घोषणा की है। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने खोरासान डायरी को बताया कि शरीफुल्लाह को फरवरी के मध्य में अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद से वह जेल में है और अब अमेरिका को सौंप दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नवादा : जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता बने एजाज अली मुन्ना और प्रभाकर जी



सुनील कुमार
**नवादा।** नवादा जिला कांग्रेस कमेटी के नए कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई है। जिसमें सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह अध्यक्ष बने हैं । इसके साथ–साथ मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के डायरेक्टर डॉ अनुज कुमार को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी दी गई है । इसके साथ ही जिला अध्यक्ष के द्वारा एजाज अली मुन्ना को पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। साथ ही साथ वरीय कांग्रेसी रहे कृष्ण कुमार प्रभाकर जी को भी कांग्रेस का प्रवक्ता मनोनीत किया गया है । प्रवक्ता मनोनीत किए जाने पर दोनों नेताओं ने पार्टी जिला अध्यक्ष के साथ–साथ प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया है और कहा है कि मीडिया के समक्ष हमेशा जनहित से जुड़े मुद्दे को रखने का प्रयास करूंगा। दूसरी तरफ कृष्ण कुमार प्रभाकर और एजाज अली मुन्ना को प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर दर्जनों कांग्रेसियों ने दोनों को बधाई दी है ।

### एसएन सिन्हा व महिला महाविद्यालय में गलत विषय के चयन से विद्यार्थी परेशान



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज स्थित एसएन सिन्हा और महिला महाविद्यालय में सत्र 2024 28 सेमेस्टर वन की परीक्षा चल हो रही है। इस दौरान 2023 27 में नामांकित विद्यार्थी जिनका परीक्षा परिणाम किसी कारण से पेंडिंग में था। वैसे विद्यार्थी भी परीक्षा में सम्मिलित होकर परीक्षा दे रहे हैं। लेकिन एडमिट कार्ड में गलत विषय रहने के कारण वैसे विद्यार्थी परीक्षा से वंचित रह रहे हैं या कॉलेज द्वारा सुधार करवा कर परीक्षा दे रहे हैं। जिनका परीक्षा परिणाम प्रभावित होना तय है।बता दें कि सत्र 2023–27 में नामांकित विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड में विश्वविद्यालय की गलती के कारण बड़ी मात्रा में त्रुटि मौजूद थी। जिसमें सुधार भी किया गया था। बावजूद एसएन सिन्हा महाविद्यालय के दर्जन भर विद्यार्थी के एडमिट कार्ड में त्रुटि मौजूद है। इस संबंध में कालेज कर्मियों से मिली जानकारी के अनुसार कला, विज्ञान व अन्य विषय के साथ एमडीसी में जो विषय लिया जाना चाहिए था। वह विषय नहीं लिया गया। जिस कारण इस प्रकार की परेशानी उत्पन्न हुई है।बता दें कि विश्वविद्यालय के पोर्टल पर युक्त सत्र के विद्यार्थियों का ऑनलाइन फॉर्म भरा गया था। जिसमें विषय आदि पहले से भरा हुआ था या रसीद में उपलब्ध था। जिसका भुगतान विद्यार्थियों करना था। लेकिन विज्ञान, कला व अन्य विषय के साथ कौन सा विषय को लिया जाना है की जानकारी नहीं रहने के कारण विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए विषय पर ही भुगतान विद्यार्थियों द्वारा कर दिया गया। जिस कारण दर्जन भर से अधिक विद्यार्थी गलत विषयों के कारण परीक्षा से वंचित रह रहे हैं या सुधार कर परीक्षा लिया जा रहा है। जिनका एक बार फिर परीक्षा परिणाम प्रभावित होना लगभग तय है।

### आवास योजना के लाभुकों को बीडीओ ने दी स्वीकृति पत्र



धर्मेंद्र कुमार शर्मा
**पकरीबरावा।** प्रखंड कार्यालय पकरीबरावां में बुधवार को वित्तीय वर्ष– 2024–25 में चयनित लाभुकों को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर मृत्युंजय कुमार द्वारा स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया है। साथ ही वित्तीय वर्ष– 2024– 25 के लाभुकों को, जिन्होंने आवास निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया है, उन्हें सांकेतिक चाभी प्रदान की गई। बीडीओ ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में आवास पूर्ण करा चुके लाभुकों को सांकेतिक चाभी प्रदान की गई है। उनका गृह प्रवेश होना है। साथ ही जिन लाभुकों को आवास बनाने हेतु स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया है, उन्हें जल्द से जल्द आवास निर्माण के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर आवास सहायक रणजीत कुमार, एरूरी मुखिया विनय सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु प्रचार वाहन रथ सिविल कोर्ट नवादा से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

लोक तंत्र कीआवाज



सुनील कुमार
**नवादा ।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार आशुतोष कुमार झा द्वारा दिनांक 08 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन रथ को सिविल कोर्ट के मुख्य द्वार से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन रथ नवादा शहर के प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाकर आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व एवं लाभों के बारे में जागरूक करेगा। साथ ही, इस अवसर पर लोक अदालत से संबंधित पम्पलेट का भी वितरण किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोग इस पहल का लाभ उठा सकें एवं अपने लंबित वादों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान करवा सकें। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा की सचिव कुमारी सरोज कीर्ति, जिले के सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, पैनल अधिवक्ता, पारा विधिक स्वयंसेवक, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोग आपसी सहमति से अपने मामलों का निपटारा कर सकते हैं। इससे न केवल लंबित वादों के बोझ में कमी आएगी, बल्कि वादी एवं प्रतिवादी पक्षों के बीच आपसी सुलह से मामलों का न्यायपूर्ण, शीघ्र एवं सौहार्दपूर्ण समाधान संभव हो सकेगा।

**राष्ट्रीय लोक अदालत के लाभः** विवादों का त्वरित एवं समाधान।आपसी सहमति से विवादों का निपटारा, जिससे कोई अपील नहीं करनी पड़ती। समाज में सौहार्द एवं शांति बनाए रखने में सहायक। राष्ट्रीय लोक अदालत 08 मार्च को आयोजित की जाएगी। अतः जिले के सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस लोक अदालत का लाभ उठाएँ एवं अपने मामलों का निपटारा करें।

## रजौली में बीएमपी कैंप के लिए मगध आईजी ने स्थलों का किया भौतिक निरीक्षण



राजेश कुमार सिन्हा

लोकतंत्र की आवाज
रजौली। थाना क्षेत्र में बीएमपी कैंप के लिए बुधवार को मगध रेंज के आईजी छत्रनील सिंह ने तीन स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया।इस दौरान नवादा एसपी अभिनव धीमान, रजौली एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष, सीओ मो. गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौजूद रहे।मिली जानकारी के अनुसार रजौली क्षेत्र में बीएमपी कैंप बनाए जाने को लेकर प्रशासनिक गतिविधि में तेजी देखी जा रही है। बीएमपी कैंप के लिए लगभग 40 एकड़ जमीन की मांग बताई जा रही है। इसी को लेकर रजौली के रजौली पूर्वी पंचायत स्थित झिरझो, फरका बुजुर्ग पंचायत के चमरबिगहा एवं हरदिया पंचायत के फुलवरिया डैम के पार स्थित सरकारी भूमि का भौतिक निरीक्षण मगध रेंज के आईजी ने किया।हालांकि बीएमपी कैंप को लेकर अभी तक स्थल को चिन्हित नहीं किया गया है।वहीं आईजी एवं एसपी के क्षेत्र भ्रमण से खनन माफियाओं, शराब धंधेबाजों एवं अफीम की खेती करने वाले लोगों में डर का माहौल है।रजौली क्षेत्र के सवैयाटांड़ पंचायत में दर्जनों अभ्रक खदान है, जहां दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेर में ब्लास्टिंग कर अवैध खनन माफियाओं के गिरोह द्वारा जारी है।वहीं दुर्गम घने जंगली क्षेत्रों में शराब निर्माण में जुड़े दर्जनों शराब धंधेबाजों के मन में भी भय व्याप्त है। जंगली क्षेत्रों में बीएमपी कैंप लगाए जाने के बाद शराब धंधेबाजों पर नकेल कसा जा सकता है। इसके अलावे सवैयाटांड़ एवं हरदिया पंचायत के पहाड़ियों एवं घने जंगलों में अफीम की खेती करने वाले लोगों पर भी लगाम लग सकेगा।वहीं बुद्धिजीवियों की मानें तो बीएमपी जवानों के डर से जंगली क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः लगाम लगने की प्रबल संभावना है।

## एक लाख तेईस हजार की जगह मात्र 73 हजार बच्चों को खिलायी जा सकी दवा

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर मंगलवार को वारिसलीगंज प्रखण्ड में आंगनवाड़ी सेविकाओं के हड़ताल के वजह से अभियान प्रभावित हुआ।अभियान का निर्धारित लक्ष्य 123000 बच्चों को दवा खिलानी थी। लेकिन मात्र 73 हज़ार बच्चों को कृमि मुक्ति दवा खिलाई जा सकी। सीएचसी प्रभारी डा आरती अर्चना के अनुसार प्रखण्ड में आंगनबाड़ी के 247 केंद्रों में से महज 60 केंद्र पर ही दवा खिलाई जा सकी है। जबकि शिक्षकों द्वारा अभियान में काफी सहयोग करने की बात बताई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नप के सामबे गांव स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शिविर आयोजित कर बीडीओ ने किया। कार्यक्रम का संचालन सीएचसी वारिसलीगंज की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा आरती अर्चना ने किया।मौके पर अस्पताल के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस बाबत एमओआईसी ने बताई की लक्ष्य के अनुसार कुल एक लाख तेईस हज़ार बच्चों को दवा खिलाना था। जिसमें अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों पर हड़ताल के कारण सेविकाओं द्वारा दवा नहीं खिलाया गया।फलस्वरूप अभियान के तहत महज 73 हज़ार बच्चों को दवा खिलाई गई है।

## अपहृत बच्ची का कुएं में मिला शव, परिवार में मचा हाहाकार

लोक तंत्र कीआवाज



**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के करमा गांव से गायब 5 वर्षीय बच्ची की कोई अता पता नहीं चलने के आक्रोश में ग्रामीणों ने कौआकोल रोह पथ को करमा गांव के पास जाम कर पुलिस प्रशासन का विरोध जताया। ग्रामीणों का आरोप है कि ओमप्रकाश यादव की बच्ची जीविका भारती को गायब होने के बाद इसकी सूचना कौआकोल पुलिस को देकर खोजबीन करने का आग्रह किया गया था। पर पुलिस पूरी तरह से लापरवाही बरती। जिसके कारण ही बच्ची की हत्या कर दी गई। मामले को लेकर पुलिस सक्रिय हो जाती तो बच्ची की हत्या नहीं होती। जाम की सूचना पर कौआकोल सीओ मनीष कुमार एवं थानाध्यक्ष दीपक कुमार वहां पहुंच कर जाम को हटवाने का प्रयास किया पर ग्रामीण नहीं माने। इस दरम्यान पुलिस को ग्रामीणों का कोपभाजन का भी शिकार होना पड़ा। तथा ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इसी बीच किसी ने गांव से कुछ ही दूरी पर एक कुआं में उस बच्ची का शव को देखा और इसकी सूचना गांव वालों को दी। जिसके बाद शव मिलने की खबर पर सभी लोग देखने के लिए कुएं की ओर दौड़ पड़े जिसके कारण जाम स्वतः ही खत्म हो गया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने शव को कुएं से निकाला। विदित हो कि बच्ची के चाचा दरोगी यादव का 2024 में हत्या कर दी गई थी । ग्रामीणों की मांग है कि घटना स्थल पर जब तक एसपी एवं डीएम नहीं पहुंचेंगे तब तक शव को पुलिस को नहीं सौंपा जाएगा। इसी दरमियां नवादा से अनुमंडल पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं सदर डीएसपी के पहुंचने के बाद लोगों को समझा बूझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया गया। कौआकोल थाना अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि मंगलवार को मृतक बच्ची के पिता द्वारा आवेदन दिया गया था और मिसिंग केस दर्ज किया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

## रजौली : मुंबई से कारीगरी सीखकर आए युवक ने गांव में दुकान खोल बने आत्मनिर्भर, लोगों को दे रहे रोजगार

लोक तंत्र कीआवाज



**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के महसई स्थित मोमिनपुर मोहल्ला के एक युवक ने मुंबई में जाकर 10 वर्षों तक रहकर कारीगरी सीखी और वापस गांव आकर बांके मोड़ में ग्रिल बेल्डिंग की दुकान खोलकर आत्मनिर्भर बन गए।साथ ही अपने दुकान में आसपास के लोगों को रोजगार भी दे रहे हैं।आत्मनिर्भर बने युवक मोमिनपुर निवासी मो. आजाद मियां के पुत्र मो. शाहनवाज आलम ने बताया कि जबसे वे होश संभाले थे, तबसे उनका परिवार आर्थिक तंगियों से गुजर रहा था।घर का बेटा होने के कारण घर की जिम्मेदारी भी आ गई थी।इसलिए बारहवीं तक की पढ़ाई पूरी करने के बाद वर्ष 2014 में मुंबई जाकर काम करने लगे।मुंबई में ग्रिल एवं गेट बनाने की कला को बारीकी से सीखकर वर्ष 2024 में वापस गांव आ गए।साथ ही गांव में ही ग्रिल एवं गेट बेल्डिंग की दुकान खोलकर कमाने लगे।दुकान खुलने के बाद बहुत कम समय में ही दुकान जम गया और पहले के अपेक्षाकृत ज्यादा काम मिलने लगा।दुकान में बढ़ते कामों को देखकर सहयोगी के रूप में एक-दो लोगों को रखना पड़ा।वर्तमान समय में दुकान में पांच लड़के काम कर रहे हैं, जिन्हें महीने के 10000 से 15000 रुपए प्रति माह दिया जा रहा है।वहीं खुद का मासिक आय एक लाख रुपए से लेकर डेढ़ लाख रुपए है।शाहनवाज आलम ने बताया कि अब उनके घर की आर्थिक तंगी खत्म हो चुकी है और वे अपने परिवार के साथ खुशहाल अपना जीवन बसर कर रहे हैं।साथ ही वे क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं से अपील किया है कि बाहर जाकर नौकरी करने ज्यादा अच्छा है, अपने हुनर का इस्तेमाल कर अपना व्यवसाय शुरू किया जाए।

## धूमधाम से मना आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन का 11वां स्थापना दिवस प्रदेश संगठन सचिव ,प्रमंडल अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष ने के काटकर किया शुभारंभ

लोक तंत्र कीआवाज



सुनील कुमार
**नवादा ।** आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन का 11वां स्थापना दिवस नवादा के प्रेस भवन नवादा में पूरे धूमधाम से बुधवार को मनाया गया। आईरा से जुड़े पत्रकारों ने केक काटकर खुशियां मनाई। इस दौरान संगठन के मजबूती और उसके विस्तार पर चर्चा किया। आयोजित स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश सचिव सुनील कुमार , मगध प्रमंडल अध्यक्ष डॉ॰ पंकज कुमार सिन्हा , जिला अध्यक्ष सनोज कुमार संगम , सचिव अनंत कुमार सहित कई सदस्यों ने केक काटकर स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव सुनील कुमार ने कहा कि यह संस्था प्रखंड स्तर के साथ जिला और राज्य के साथ देश और विदेशों में भी पत्रकार बंधुओं की आवाज बनकर खड़ा है। अगर आईरा के किसी भी सदस्य के साथ खबर बनाने को लेकर कोई भी समस्या उत्पन्न होती है, तो आईरा संगठन हमेशा अपने सदस्यों के साथ खड़ा रहता है। वहीं प्रमंडल अध्यक्ष डॉ॰ पंकज कुमार सिन्हा ने कहा कि आज का दिन पत्रकारों के लिए बहुत हीं बड़ा दिन हैं। विश्व के सबसे बड़े मीडिया संगठन आईरा इंटरनेशनल का 11वां स्थापना दिवस है। वहीं जिलाध्यक्ष सनोज कुमार संगम ने कहा कि आज आईरा का स्थापना दिवस है और हमलोग प्रेस क्लब में स्थापना दिवस को धूमधाम से मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी पत्रकार एक हैं और आगे भी एक रहेंगे। आईरा हमारा संगठन है और हम उसके कार्यकर्ता हैं। संगठन से जुड़े लोगों को इस अवसर पर एकजुट रहने के लिए शुभकामनाएं देते है। मौके पर पत्रकार राकेश कुमार ,राजेश्वर कुमार ,संजय कुमार वर्मा ,जितेंद्र कुमार ,पिंटू कुमार ,श्रवण कुमार ,प्रभात दयाल ,संजय कुमार संजू ,मनोज कुमार ,बन्टू कुमार ,नूतन कुमार ,पवनदेव कुमार समेत अन्य मीडिया बंधु उपस्थित थे।

## श्रीशतचंडी महायज्ञ को लेकर खानापुर से निकली भव्य कलश यात्रा, देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए 4 से 12 मार्च तक होगा श्रीशत चंडी महायज्ञ

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज नगर परिषद की वार्ड संख्या-23 के खानापुर गांव स्थित देवी स्थान में नवनिर्मित देवी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ को लेकर मंगलवार को हाथी-घोड़े, गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जय श्रीराम, जय हनुमान, जय मां वैष्णो देवी के जयकारे लगाते हुए महायज्ञ स्थल से गांव भ्रमण किया गया।कलश शोभायात्रा सड़क मार्ग से पटेल नगर, गुमटी रोड, जयप्रकाश चौक, मेन रोड, थाना चौक होकर शांतिपुरम सूर्य मंदिर पहुंची।जहां पवित्र तालाब से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भराई की रस्म पूरी की गई। इसके बाद कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु वापस महायज्ञ स्थल तक पहुंचे।इस दौरान हाथी के अलावे दो दर्जन घोड़े, ऊंट, रंग विरंगे रथ, झारखंड से आए पंजाबी भांगड़ा, डीजे, बैंड, पंच बजना, पारंपरिक ढोल समेत बड़े-बड़े महावीरी पताका लिए लोग जयकारे लगा रहे थे। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।बनारस से पहुंचे ब्राह्मणों ने अग्नि उत्पन्न कर महायज्ञ आरंभ किया महायज्ञ स्थल पर बनारस समेत विभिन्न धार्मिक स्थलों से पहुंचे ब्राहाण एवं धर्मानुरागी ग्रामीण पंडितों के द्वारा अग्नि उत्पन्न कर यज्ञ आरंभकिया गया।महायज्ञ के प्रथम दिन की शाम को वृंदावन के व्यास घनश्याम दास जी महाराज एवं देश की जाने माने सुप्रसिद्ध कथावाचिका देवी प्रतिभा के मुख से श्रीमद्भागवत कथा प्रवचन किया गया।वहीं रात को वृंदावन की प्रसिद्ध रासलीला मंडली के द्वारा मनमोहक झांकी एवं कृष्ण लीला की प्रस्तुति दी गई।महायज्ञ के मंत्रोच्चारण एवं धार्मिक अनुष्ठानों से खानापुर समेत आसपास के ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया।महायज्ञ स्थल पर भव्य यज्ञशाला, रासलीला मंच एवं पंडाल के अलावे मनोरंजन को ले झूला, ब्रेक डांस, रेल सवारी की चकाचौंध में बच्चे एवं युवा वर्ग मस्त नजर आए।इस क्रम में यज्ञ यजमान बने अरुण कुमार गौतम एवं उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी तथा प्रमोद कुमार के अलावे ग्रामीण सह यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह तथा सचिव गणेश सिंह, आचार्य हरिनंदन पांडेय, वार्ड 23 के पार्षद राम पदारथ सिंह, कोषाध्यक्ष राम अनुग्रह सिंह, मोसमा पैक्स के अध्यक्ष मनोज प्रसाद, सुनील सिंह, भूषण सिंह, मार्बल विक्रेता देवेंद्र सिंह मालीचक, राजीव, मनीष, रंजीत, कुंदन, धनंजय कुमार, चुन्नू यादव, पूर्व उपप्रमुख अमरेश मिस्त्री आदि लोग काफी उत्साहित व सक्रिय दिखे।

## ओवरब्रिज बनने के बाद भी नहीं मिली वारिसलीगंज को जाम से मुक्ति

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज के लोगों को ओवरब्रिज की सौगात मिल गयी, परंतु इससे समस्या कम नहीं हो सकी है।ओवरब्रिज निर्माण से पहले कयास लगाया जा रहा था कि इसे बन जाने से बाजार में जाम से सदा के लिए मुक्ति मिल जायेगी।ओवरब्रिज तैयार होने के बाद तकरीबन साढ़े चार साल पहले आमजनों को सौंप दिया गया।उस समय क्षेत्र के लोगों में एक गजब का उत्साह था कि वारिसलीगंज बाजार को अब जाम से मुक्ति मिल जायेगी. परंतु, अबतक जाम से मुक्ति नहीं मिल पायी है।ओवरब्रिज शुरू होने के कुछ दिनों तक लोगों को लगा कि जानकारी के अभाव में वाहन चालक बाजार के रास्ते घुस जाते हैं और जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है. परंतु, ऐसा नहीं कि जानकारी का अभाव है। ऐसा वाहन चालक जान-बूझकर कर रहे हैं और पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना है।थाना परिसर में होने वाली तमाम बैठकों में जाम की समस्या व बड़े वाहनों की नो इंट्री की मांग मजबूती से रखी जाती रही है. जाम से निजात दिलाने व नो इंट्री का सख्ती से पालन करने को लेकर पुलिस की ओर से खाका भी तैयार किया जाता है।परंतु, उक्त तैयार खाका पुलिस की फाइलों में सिमटकर रह जाता है।

**बाजार से वाहनों का आवागमन जारीः** बेरोकटोक बड़े वाहनों का आवागमन ओवरब्रिज के बजाय बाजार होकर जारी है, जो दर्शाता है कि पुलिस के रवैये के कारण निकट भविष्य में जाम से मुक्ति मिलना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन है।बता दें कि वारिसलीगंज बाजार को जाम से मुक्ति दिलाने को लेकर क्षेत्रवासियों की मांग पर सरकार की ओर से शहर के उत्तरी भाग में ओवरब्रिज का निर्माण कराया गया है।इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के कारण लोगों को जाम की समस्या से निजात नहीं मिल सकी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### उपायुक्त ने नगर पंचायत योजनाओं की समीक्षा बैठक



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

साहेबगंज। उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में नगर पंचायत राजमहल एवं बरहरवा द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने पिछले बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की गहन समीक्षा की। उन्होंने नगर पंचायतों के राजस्व वसूली की प्रगति पर विशेष जोर देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को लक्ष्यों को समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए। बैठक में शहरी पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता अभियान, लंबित योजनाओं की स्थिति एवं राजस्व वसूली को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने और राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर पंचायत प्रशासक राजमहल स्मिता किरण, नगर पंचायत प्रशासक बरहरवा दीपक कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने नगर निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची विखंडीकरण कार्य का किया निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

बरहरवा। आगामी नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर उपायुक्त हेमंत सती ने मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने आगामी नगर निकाय चुनाव के मध्येनजर मतदाता सूची विखंडीकरण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने मतदाता सूची में पारदर्शिता और शुद्धता बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता सूची में कोई त्रुटि न रह जाए। उन्होंने पदाधिकारियों को समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों से अब तक हुई प्रगति की जानकारी ली और नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन कार्य की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए मतदाता सूची का शुद्ध होना आवश्यक है। इस मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह मौजूद थे।

### दो पक्षों में मारपीट का मामला दर्ज

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। दो मार्च को बिहपुर थाना क्षेत्र के गौरीपुर मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी - ढ़डे चलने का मामला प्रकाश में आया था ।जिसको लेकर पीड़ित गौरीपुर निवासी निलेश कुमार पिता-सुरेन्द्र मंडल ने बिहपुर थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। अपने आवेदन में कहा हैं कि दो मार्च को करीब सात बजे रात में में अपने घर से ग्रामीण फुलो मंडल के घर पर गाय को बांधने जा रहा था। तभी गांव के ही ललन मंडल के घर के पास पहुंचा तो अचान से विकाश कुमार ,आशिष कुमार, निशांत कुमार रामविलाश कुमार , तुलन मंडल , संजय मंडल , मिथुन कुमार संजय मंडल, टोमस कुमार एवं बिकाश कुमार को नामजद आरोपी बनाया है। बिहपुर थाना पुलिस मामले की जांच कर रहीं हैं।

## बैठक में पुलिस पदाधिकारियों को रोको टोको अभियान चलाने, नियमित वाहन चेकिंग करने और मादक पदार्थ के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया

लोकतंत्र की आवाज़



**जगदीशपुर/भोजपुर।** शाहाबाद डीआईजी सत्य प्रकाश बुधवार को भोजपुर के जगदीशपुर पहुंचे और उन्हें अनुमंडल परिसर में पुलिस पदाधिकारी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद, उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने बैठक की और पुलिस पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में

डीआईजी ने एसडीपीओ राजीव चंद सिंह,जगदीशपुर ,बिहियां और शाहपुर क्षेत्र अंतर्गत सभी थानाध्यक्षों और सभी पुलिस पदाधिकारियों को 15 दिनों के अंदर लंबित मामलों को निष्पादन करने, जो भी वारंट निकला है, उन वारंटियों को गिरफ्तार करने, असामाजिक तत्वों पर सुसंगति धाराओं में कार्रवाई करने, चोरी की घटना पर लगाम लाने और चोरी की गई मामलों को तुरंत निष्पादन करने, पंचायत स्तर पर गश्ती के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारी को भी प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिय।

साथ ही, जो भी लूटपाट सहित अन्य मामले के तकनीकी और विज्ञानी अनुसंधान के तहत कार्रवाई करने का सख्त हिदायत दिया गया। वही पुलिस पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि जो भी थाने में आम जनता आ रहे है, उनकी समस्याओं को सुनकर सुलह तरीके से निष्पादन करें। इस दौरान बैठक में पुलिस पदाधिकारियों को रोको टोको अभियान चलाने, नियमित वाहन चेकिंग करने और मादक पदार्थ के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पहुंचे और उन्हें अनुमंडल परिसर में पुलिस पदाधिकारी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद, उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने बैठक की और पुलिस पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

बैठक में डीआईजी ने एसडीपीओ राजीव चंद सिंह,जगदीशपुर ,बिहियां और शाहपुर क्षेत्र अंतर्गत सभी थानाध्यक्षों और सभी पुलिस पदाधिकारियों को 15 दिनों के अंदर लंबित मामलों को निष्पादन करने, जो भी वारंट निकला है, उन वारंटियों को गिरफ्तार करने, असामाजिक तत्वों पर सुसंगति धाराओं में कार्रवाई करने, चोरी की घटना पर लगाम लाने और चोरी की गई मामलों को तुरंत निष्पादन करने, पंचायत स्तर पर गश्ती के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारी को भी प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिय।

साथ ही, जो भी लूटपाट सहित अन्य मामले के तकनीकी और विज्ञानी अनुसंधान के तहत कार्रवाई करने का सख्त हिदायत दिया गया। वही पुलिस पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि जो भी थाने में आम जनता आ रहे है, उनकी समस्याओं को सुनकर सुलह तरीके से निष्पादन करें। इस दौरान बैठक में पुलिस पदाधिकारियों को रोको टोको अभियान चलाने, नियमित वाहन चेकिंग करने और मादक पदार्थ के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वही-पीरो-बिहियां स्टेट हाईवे पर जाम की समस्याओं को लेकर पदाधिकारी को जाम की समस्या से निपटने के लिए प्लान तैयार कर जाम की समस्या से निपटने का निर्देश दिया गया।

## वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र कुमार यादव का निधन, सारण में शोक की लहर

लोकतंत्र की आवाज



**एकमा (सारण)।** सारण जिला के एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार और पंचायत एकमा के राजापुर गांव निवासी 65 वर्षीय वीरेंद्र कुमार यादव का सोमवार को पटना में इलाज के दौरान निधन हो गया। विगत 28 फरवरी को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पटना के आईजीएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।

लगभग तीन दशक से हिंदी पत्रकारिता में सक्रिय रहे वीरेंद्र कुमार यादव अपने पीछे चार पुत्र, दो पुत्रियां, नाती-पोते समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन की खबर से एकमा समेत पूरे सारण जिले में शोक की लहर दौड़ गई। शाम को जब उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव राजापुर पहुंचा, तो अंतिम दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। परिजनों के करूण क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। उनके अनुज अवधेश के अनुसार वीरेंद्र कुमार यादव का अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह 9 बजे मांझी क्षेत्र के डुमाईगढ़ स्थित सरयु नदी के घाट पर किया जाएगा।

**इन्होंने जताई शोक संवेदना:** वीरेंद्र कुमार यादव के असामयिक निधन पर पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, चिकित्सकों व बुद्धिजीवियों समेत समाज के विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। शोक जताने वालों में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, स्नातक एमएलसी डॉ वीरेंद्र नारायण यादव, एकमा विधायक श्रीकांत यादव, मांझी विधायक डॉ सत्येंद्र यादव, पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह धूमल, शिक्षाविद डॉ लालबाबू यादव, डॉ सत्यदेव प्रसाद यादव, जेपी सेनानी डॉ रामजी तिवारी, अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रो. अजीत कुमार सिंह, डॉ अमित तिवारी, देवकुमार सिंह, ई. जयप्रकाश सिंह, राजीव कुमार शर्मा, नगर पंचायत एकमा बाजार की मुख्य पार्षद श्वेता रानी, राजद नेता सुभाष यादव, सुधांशु रंजन, सोनू यादव, जीतेंद्र यादव, जितेन्द्र सिंह, कन्हैया यादव, भाजपा नेता चैतेंद्रनाथ सिंह, मुकेश कुमार सिंह, अविनाश चंद्र उपाध्याय, जदयू नेता महेश सिंह, शिक्षक डॉ शशिभूषण शाही, लखन लाल प्रसाद, अरुण सिंह, कमल कुमार सिंह, उपेंद्र यादव, शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह व अरविंद सिंह, उदय शंकर गुड्डू, माकपा नेता अरुण कुमार, नेशनल एथलीट विकास सिंह राठौर, कांग्रेस नेता सुग्रीव सिंह, नरेंद्र प्रताप मिश्र , मुखिया ओमप्रकाश सिंह, एकमा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बच्चा सिंह, उप प्रमुख शुभ नारायण यादव, जन सुराज नेता मुन्ना भवानी आदि ने इसे पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

## एसएसपी हृदयकांत ने किया पीरपैंती थाने का निरीक्षण

**लोकतन्त्र की आवाज**
**केदार नाथ पाण्डेय**



**पीरपैंती।** भागलपुर एस एस पी हृदयकांत पहुंचे पीरपैंती थाना। विभीन्न पंजीयों तथा परिसर में भ्रमण कर भवनों और थाना में जब्त वाहनों तथा पुलिस बैरक, कंप्यूटर कक्ष, इत्यादि का किया बारिकी से निरक्षण ।पदाधिकारीयों के साथ बैठक कर दिया आवश्यक निर्देश। लंबित कांडों के निष्पादन का दिया आवश्यक निर्देश। आने वाले त्योहारों को शांति पूर्वक मनाने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। साइबर क्राइम को रोकने के लिए भी निर्देश दिया।हृदयकांत ने कहा कि जिले के प्रत्येक थाने से दो अधिकारी को प्रशिक्षण करने की बात कही। साईबर अपराध रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक स्कूल, कॉलेज में प्रशिक्षण देने की भी बात कही।मौके पर एसडीपीओ टू डाक्टर अर्जुन गुप्ता, और पीरपैंती थानाध्यक्ष निरज कुमार, के साथ पुलिस के जवान मौजूद थे। वहीं एस एस पी हृदयकांत कुमार ने गोविंदपुर फाड़ी का निरीक्षण किया तथा होली और ईद को लेकर थानाध्यक्ष और एसडीपीओ टू को असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया।

## बिहार सरकार का बजट गरीबों, किसानों, मजदूरों और नौजवानों के हित में नहीं: लोहिया

लोकतंत्र कि आवाज




**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर राजद विधायक राम विशुन सिंह लोहिया ने बिहार के बजट पर निराशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीबों, किसानों, मजदूरों और नौजवानों के हित में नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि यह बजट जदयू-भाजपा सरकार का हवा-हवाई बजट है, जो बिहार के हित में नहीं बनाया गया है। उन्होंने कहा, पहले केंद्र सरकार ने बिहार को बजट में ठगा, और अब राज्य सरकार भी खोखला बजट लेकर आई है। विधायक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार का यह आखिरी बजट है, इसलिए उम्मीद थी कि बिहार वासियों को कम से कम महंगाई और बेरोजगारी की मार से कुछ राहत मिलेगी। उधर, युवा नेता किशोर कुणाल ने भी बजट पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि चुनावी साल के बजट में उम्मीद थी कि इसमें रोजगार की बात होगी, महंगाई को कम करने की कम से कम तात्कालिक कोशिश होगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं किया गया।

उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार की बात भी नहीं हुई, महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर मुहैया कराने की बात भी नहीं है, और पेंशन योजना के तहत मिलने वाले 400 रुपये को बढ़ाया भी नहीं गया। गरीब विरोधी है बजट वहीं राजद नेता किशोर कुणाल ने बजट को लेकर कहा,''बीते 20 सालों से जो बजट पेश किया जा रहा है वो बिल्कुल गरीब विरोधी है। इस बजट से हम लोगों को उम्मीद नहीं है। लालू प्रसाद यादव के शासनकाल में गरीबों को हक मिला है, लेकिन अब बारिबो का विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पलायन सबसे अधिक बिहार से होता है, लेकिन फैक्ट्री लगाने की बात बिहार में बजट में नहीं की गई है। नौकरी और रोजगार कैसे युवाओं को उपलब्ध कराएंग। उन्होंने कहा कि चुनावी साल के बजट में उम्मीद थी कि रोजगार की बात होगी, महंगाई को कम करने की कम से कम तात्कालिक कोशिश होगी, युवाओं के लिए रोजगारयुक्त प्रशिक्षण की बात होगी, महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर मुहैया कराने की बात होगी, लेकिन सब के सब ढाक के तीन पात।महंगाई को कम करने की जगह सरकार 'तरकारी आउटलेट' के जरिए मुनाफा कमाने की कोशिश में लग गई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

## डीईओ ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी भावभीनी विदाई

- शिक्षक राष्ट्र निर्माता है,समाज निर्माण में उनकी अहम भूमिका होती हैः डीएसई

**लोकतंत्र की आवाज**



**मामलोत सेख**

**साहिबगंज।** जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय प्रकोष्ठ में बुधवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों से हुए सेवानिवृत शिक्षकों को उनके सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर कुल 23 शिक्षक एवं शिक्षिका को भावभीनी विदाई दी गईं।इस दौरान कुल 14 शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित थे।शेष अपरिहार्य कारण से उपस्थित नहीं हो पाए।सेवानिवृत शिक्षकों में बेबी रानी पाल,रामबिलास सिंह,अशोक कुमार झा, मो नईमुद्दीन,द्रोपदी कुमारी,मो अतिकुर रहमान,गौतम हाजरा, हरिहर प्रसाद,विजय कुमार साह, हेमंत कुमार राय,दिलीप रमानी,लताफत हुसैन,रविन्द्र कुमार झा,विजय कुमार चौधरी इस अवसर पर उपस्थित हुए।

मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने सभी को शॉल ओढ़कर एवं माला पहनाकर सम्मानित किए।इस दौरान डीएसई ने कहा आप एक राष्ट्र निर्माता हैं।मैं भी एक शिक्षक पुत्र हूं।समाज के निर्माण में आपकी क्या भूमिका रही हैं।मैं अच्छी तरह जानता हूं।कहा अपलोग मेहनत कर शिक्षा क्षेत्र में बच्चों को देश के उच्च पद पर उन्हें पहुंचने का काम किया है।वे बच्चे जब आपसे मिलेगे जब आपको सम्मान करेंगे तो आप एहसास करेंगे की मैने समाज को कुछ दिया।उस समय आप अपने उपर गर्व करेंगे।वही डीएसई ने सभी से आग्रह किया कि जिस क्षेत्र से इतनी लंबी अनुभव को लेकर जा रहे हैं।आगे भी समाज में जब भी किसी को जरूरत होगी देने का काम करेंगे।सभी को स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष सहित कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

## मदरौनी -सहौरा में विराट कलश शोभायात्रा के साथ तीन दिवसीय भव्य मेला का शुभारंभ

**लोकतंत्र की आवाज**



- कार्यक्रम का उद्घाटन सेवानिवृत शिक्षक डा० कृष्णदेव प्रसाद सिंह व मुख्य अतिथि लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश भगत ने किया

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** रंगरा प्रखंड के मदरौनी सोहडा. स्थित प्रसिद्ध बाबा महंथ मंदिर से बुधवार को विराट कलश शोभा यात्रा 19 वां वर्ष जारी रहा हजारों की संख्या में श्रद्धालु ने भक्ति भाव के साथ स्थानीय कोसी नदी से जल भरकर भक्ति में जयकारो के साथ गांव भ्रमण करते हुए पंचमुखी मंदिर का परिक्रमा के बाद बाबा महंथ मंदिर के परिसर में हजारों कलश को रखा इस दौरान रंगरा थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के नेतृत्व में दलबल के साथ सक्रिय भूमिका निभाई कार्यक्रम का उद्घाटन सेवानिवृत शिक्षक डा० कृष्णदेव प्रसाद सिंह व मुख्य अतिथि लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश भगत ने किया मेला कमेटी के अध्यक्ष मुक्ति प्रसाद सिंह ने बताया कि विशाल कला शोभायात्रा के साथ तीन दिवसीय मेला का भव्य आयोजन किया गया ह।

72 घंटा अखंड राम धुन संकीर्तन भक्ति में जागरण का कार्यक्रम किया गया है पंडित शिव शंकर ठाकुर के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुजन किया गया वहीं श्री सद्गुरु साईंनाथ सेवा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शुभम यादव ने बताया कि मेले के आयोजन से हमारी सभ्यता संस्कृति का विकास होता है इस दौरान लाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश भगत ,मेला कमेटी के अध्यक्ष मुक्ति प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष भूमि मंडल, बटेश्वर मंडल ,कोषाध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा ,सचिव मंटू मंडल ,मदरौनी मुखिया अजीत कुमार सिंह,उपसचिव कृष्णदेव शर्मा, सहौरा मुखिया दिवाकर सिंह ,पंचायत समिति विनोद सिंह, इंद्रभूषण सिंह, राजदेव गुप्ता, नंदन यादव, पवन कुमार सहित मौजूद रहे ।

## राज्य सीनियर एकल व युगल बॉल बैडमिंटन 8 से हाजीपुर में

**लोकतंत्र की आवाज**

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में वैशाली जिला बॉल बैडमिंटन संघ के द्वारा बिहार राज्य सीनियर एकल,युगल ( पुरूष/महिला ) व मिश्रित युगल बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन 8 से 9 मार्च तक कुशवाहा आश्रम, हाजीपुर ( वैशाली ) में किया जायेगा। जिसमें राज्य बॉल बैडमिंटन संघ से मान्यता प्राप्त जिलों/संस्थानों की पुरूष व महिला टीमों को खेलने की अनुमति दी जायेगी। चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उम्र 45 से अधिक नहीं हो। चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के पास आधार कार्ड एवं जिलों से निबंधित होना अनिवार्य है।

इस बात की जानकारी देते हुए बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर व राज्य प्रवक्ता ज्ञानदेव कुमार ने बताया कि राज्य संघ द्वारा पहली बार अलग से एकल व युगल चैंपियनशिप का आयोजन कराया जा रहा है। चैंपियनशिप को सफल बनाने हेतु वैशाली जिला बॉल बैडमिंटन संघ के चेयरमैन किशलय किशोर, नगर परिषद की सभापति संगीता कुमारी, जिला कुशवाहा संघ के महामंत्री अनिल चंद्र कुशवाहा, राजेन्द्र बनफूल, राजेश शुभांगी, जिला सचिव रवि रंजन कुमार तथा राष्ट्रीय प्रशिक्षक विनोद कुमार धोनी के देखरेख में तैयारी की जा रही है। श्री शंकर ने यह भी बताया कि इसी राज्य बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर एकल, युगल व मिश्रित युगल टीम का चयन बिहार टीम के लिए किया जायेगा जो आगामी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सहभागिता करेंगे।

## किसानों का जमीन लगान रसीद सरकार कटवाना जल्द शुरू करें

**लोकतंत्र की आवाज**



- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानों का लंबित फसल बीमा की राशि की ओर सरकार ध्यान आकृष्ट किया

**मामलोत सेख**

**साहिबगंज।** रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट परिसर में रविवार को पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार भारतीय हलधर किसान यूनियन की सप्ताहिक बैठक डा०शैलेश कुमार गिरि राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता व बिहार झारखंड प्रदेश प्रभारी के निर्दशानुसार सम्पन्न हुई।जिसकी अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने किया।

इस दौरान किसानों ने अपनी अपनी समस्याओं से जुड़ी बातों को रखा। किसानों ने बताया कि जमीन का लगान रसीद काटना बंद हैं। जबकि किसान अपने जमीनों का रसीद कटाने के लिए तैयार हैं। जमीन लगान का रसीद काटने का सरकार शीघ्र व्यवस्था करें।जिससे किसानों का ससमय लगान रसीद कटवा ले। इस क्रम में अपनी पुरानी समस्या प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानों का लंबित फसल बीमा की राशि की ओर सरकार ध्यान आकृष्ट करने की बात रखी।

आपदा प्रबंधन की ओर से किसान को शिविर में बाढ़ रिलीव दी जाती हैं।उसी क्षेत्र के किसान को फसल नुकसान होने पर कहा जाता है,फसल अच्छा हुआ इसलिए फसल बीमा के नियमानुसार नहीं मिलेगा।आख़िर कैसा सर्वे कराया गया।एक ही क्षेत्र के किसान को बाढ़ पीड़ित घोषित कर रिलीव दिया गया,वही फसल बाढ़ में डूब जाने से बर्बाद हुआ।किसान को अभी तक बीमा राशि की भुगतान नहीं किया गया है।दिसंबर 2024 तक हो चुका जमीन बीमा का राशि का अभिलम्ब भुगतान किया जाय।किसान का कृषि ऋण को लेकर बैंक का नोटिस जारी किया जाता हैं।जबकि सरकार ने किसान का कृषि ऋण माफ कर दी हैं।

किसानों ने सरकार से खेती करने के लिए ब्याज मुक्त कृषि ऋण की मांग रखा।वही किसान को पेंशन योजना से जोड़ कर पेंशन चालू किया जाय।वही पीड़ित लक्ष्मण यादव को माननीय उच्च न्यायालय रांची से पारित आदेश एवं सूचना राज्य आयुक्त रांची के आदेश के बाबजूद क्षतिपूर्ति का भुगतान नहीं किए जाने पर किसानों ने खेद व्यक्त किया।यूनियन की अगली बैठक 17 मार्च को होगी।इस मौके पर शंकर प्रसाद यादव, चंद्रमा प्रसाद यादव,मन्नू यादव, भरत पांडे,पवन कुमार यादव,रुदल यादव,रामप्रवेश यादव उदय कुमार गुप्ता राम सिहासन यादव,विंध्याचल सिंह, ब्रह्मदेव रविदास शिवचरण सिंह रामेश्वर महतो इंद्रदेव सिंह राम अवतार यादव,हृदय कुमार सिंह ममता कुमारी,बासुकीनाथ चौबे, चंदा मोसमात,राम लगन रविदास राम वृक्ष रविदास ब्रह्मदेव यादव जागेश्वर मंडल उदय कुमार सिंह बच्चन कुमार पाठक एवं अन्य किसान मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### तीन एनबिडब्लू वारंटी को भेजा जेल

खानपुर/समस्तीपुर विती रात्रि खानपुर पुलिस द्वारा एनबीडब्लू वारंट एक्स ( आर ) 30/23 ,टिआर 1753/25 के अभियुक्त श्याम कुमार सहनी पिता गोला सहनी साकिन खंजापुर वार्ड 2 थाना खानपुर जिला समस्तीपुर एवं एनबीडब्लू वारंट सीआर 1605/ 17 ,टिआर 827/25 के अभियुक्त उपेंद्र राय पिता स्वर्गीय जनकधारी राय एवं नंदलाल राय पिता स्वर्गीय रामविलास राय दोनों ग्राम बिशनपुर आभी थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को गिरफ्त में लेते हुए सरकारी वाहन से उचित मार्गरक्षी दल के साथ माननीय न्यायालय समस्तीपुर में उपस्थापन कराने वास्ते थाना से भेजा गया क़ी पुस्टि एसएचओ मनोजकुमार सिंह ने क़ी ।

### मोतिहारी: पताही के नवपदस्थापित थानाध्यक्ष ने पदभार संभाला शराब तस्करों की खै़र नहीं;– थानाध्यक्ष

ब्यूरो चीफ शशिकांत

मोतिहारी: पताही थाना में नवपदस्थापित थानाध्यक्ष के पद पर मंगलवार को विनीत कुमार ने किया योगदान, नवपदस्थापित थानाध्यक्ष 2018 बैच के तेज तर्रार दरोगा है।,पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने दी पताही थाने की कमान विनीत कुमार को, नवपदस्थापित थानाध्यक्ष श्री कुमार बी .टेक मेरठ, उ०प्र० से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त किये हुये है। वहीं योगदान के बाद नवपदस्थापित थानाध्यक्ष विनीत कुमार ने कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी।आमजनों के सहयोग से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम किया जाएगा, साथ ही थाना क्षेत्र में शासन के दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करना तथा महिला उत्पीड़न पर विशेष नजर, गरीब व असहाय लोगों को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता में शामिल होगा।

### मोतिहारी: उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत् आवास परिवारों को प्रथम किस्त की राशि दी गई

ब्यूरो चीफ शशिकांत

पूर्वी चम्पारणः उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडेय के द्वारा बताया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 के तहत द्वितीय चरण में पूर्वी चम्पारण जिले को प्राप्त लक्ष्य 38646 लक्ष्य के विरुद्ध 31,884 परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान करते उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडेय। आज दिनांक– 05.03.2025 को 19267 लाभुकों को प्रथम किस्त के राशि मो0–7706.80 लाख रू० का हस्तांतरण किया जा रहा है।

### होली मिलन समारोह तैयारी को लेकर जिला अध्यक्ष अचिंत्य कुमार लल्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा। विदित हो कि 7 मार्च 25 को बॉम्बे बाजार के प्रांगड़ में केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। होली मिलन समारोह को सफल बनाने हेतु जिला अध्यक्ष श्री अचिंत्य कुमार लल्ला के नेतृत्व में बगहा भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकता बंधुओ के साथ तैयारी बैठक किया गया। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि ॠतु जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष हृदया दुबे, सोमेश पांडेय, नागेंद्र साहनी, विजय साहू, शैलेश दुबे आदि मौजूद रहे।

### राजस्व अधिकारी दीपक कुमार बने गौनाहा के अतिरिक्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी

गौनाहा / प्रखंड जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय के दिये गये आदेश के अलोक मे मंगलवार की देर शाम राजस्व अधिकारी दीपक कुमार राम ने गौनाहा प्रखंड मे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का अतिरिक्त पदभार ग्रहण कर लिया। राजस्व अधिकारी ने बताया कि जिला पदाधिकारी के ज्ञापांक 666 दिनांक 25/02/2025 के आदेश के अलोक मे प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का अतिरिक्त पदभार सौपा गया है। विदित हो कि सिकटा मे पदस्थापित बीईओ संजय कुमार गौनाहा के अतिरिक्त प्रभार मे थे। मंगलवार को पूर्व बीईओ संजय कुमार द्वारा राजस्व अधिकारी दीपक कुमार राम को पूर्ण प्रभार सौप दिया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी शिवजन्म राम, प्रखंड प्रमुख जयप्रकाश पासवान, पंसस प्रतिनिधि केशव कुमार सिंह, लेखा सहायक सज्जन पासवान सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे। सीओ विवेक कुमार सिंह को लम्बी छुट्टी पर चले जाने के कारण दीपक कुमार राम गौनाहा सीओ के प्रभार मे है।

# मोतिहारी:परिवार नियोजन पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन, बेहतर कार्य के लिए स्वास्थ्यकर्मी हुए पुरस्कृत

## जिले में परिवार नियोजन की दर बढ़ाने को लोगों को किया




लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ शशिकांत

**मोतिहारी।** 05 मार्च शहर के आईएमए हॉल के सभागार में परिवार नियोजन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ रविभूषण श्रीवास्तव, एसीएमओ डॉ गंगाधर तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सीएस ने कहा की जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क परिवार नियोजन के स्थायी व अ स्थायी संसाधन उपलब्ध है जिसका लाभ सभी को लेना चाहिए।उन्होंने बताया की आज परिवार नियोजन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करते हुए बेहतर कार्य के लिए चिकित्सकों, एवं स्वास्थ्यकर्मियों को पुरस्कृत किया गया है।वित्तीय वर्ष 2024 –25 में 08 हजार 513 महिलाओं का बंध्याकरण हुआ है।डीसीएम नंदन झा ने संबोधित करते हुए परिवार नियोजन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। वहीँ मंच का संचालन पीएसआई के जिला प्रतिनिधि अमित कुमार ने किया। सिविल सर्जन व डीआईओ, डीपीएम द्वारा इस अवसर पर जिले में परिवार नियोजन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले अनुमण्डलीय अस्पताल पीएचसी व सर्जन चिकित्सक, आशा, व अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। – सरकारी स्तर पर अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है परिवार नियोजन की सुविधाएं;डीसीएम नन्दन झा ने बताया किजिले भर के अनुमंडलीय व अन्य सरकारी अस्पतालों में सरकारी स्तर पर अनुभवी चिकित्सकों द्वारा परिवार नियोजन की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में समय–समय पर परिवार नियोजन के विषय में आशा कार्यकर्ताओं ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रचार प्रसार कर जागरूक किया जाएगा। ताकि लोगों को इसके बारे में आसानी से जानकारी उपलब्ध हो। साथ ही नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों की जानकारी मिले, ताकि जनसंख्या वृद्धि पर रोक लग सके। वित्तीय वर्ष 2024 में 8513 महिलाओं का हुआ बंध्याकरण; वित्तीय वर्ष 2024 मे 8513 महिलाओं का बंध्याकरण, 05 पुरुष नसबन्दी, पीपीआईयूसीडी 11 हजार 9 सौ 11, अंतरा इंजेक्शन 84 हजार 843 लगाया गया। परिवार नियोजन में बेहतर कार्य के लिए अनुमण्डलीय अस्पताल चकिया, रक्सौल अरेराज, सीएचसी मेहसी, सुगौली के साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवा प्रदाता एवं पदाधिकारी डॉ चन्दन, डॉ विजय, डॉ रश्मि श्री, डीसीएम नंदन, पीएसआई जिला प्रतिनिधि अमित कुमार, सिफार से सिद्धांत कुमार एवं आशा कार्यकर्त्ताओं, बीसीएम, बीएचएम एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### मोतिहारी: राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला प्रधान महासचिव पहुंचे पटना, राजद का सदस्य बनें



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ शशिकांत

**पूर्वी चम्पारणः** पटना राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश कार्यालय में पहुंचे एवं राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव रन विजय साहू से राष्ट्रीय जनता दल का सदस्यता ग्रहण करते। केसरिया 31 जिला परिषद सदस्य पति सह राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रधान महासचिव विनोद कुमार गुप्ता। वहीं उन्होंने बताया कि आने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए फिर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का प्राथमिक सदस्यता ग्रहण किया है। वहीं श्री गुप्ता ने कहा कि हमलोग संगठन मजबूती के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी का माई बहिन मान योजना को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। वहीं उन्होंने बिहार आम बजट को लेकर गहरी आलोचना करते हुए कहा कि बिहार और केंद्र की सरकार सिर्फ गरिबों का खून चूसने का कार्य कर रही हैं। सिर्फ और सिर्फ ढकोसला करती है और कुछ नहीं। हिंदू मुस्लिम करके सिर्फ भोली भाली जनता को गुमराह कर शासन करना चाहती है। जो ये बिहार में बिल्कुल नहीं होने दिया जाएगा। आगामी विधानसभा चुनावों इस बार जनता सबक सिखा कर ही दम लेगी।

### दो सखुआ का गुल्ली सहित तस्कर गिरफ्तार, जेल



लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा/** मंगूराहा वनक्षेत्र मे लखनिया एपीसी के समीप पहले से घात लगाये वन कर्मियों ने दो सखुआ कि गुल्ली सहित एक तस्कर को धर दबोचा, जबकि दो अन्य तस्कर भागने मे सफल रहे। रेंजर सुनील कुमार पाठक ने बताया कि मंगलवार को शाम 6:30 बजे एकवा गांव निवासी रामायण चौधरी का पुत्र रमेश चौधरी, टुनटुन शेख व कलाम अंसारी बाईक पर दो सखुआ का गुल्ली लेकर भाग रहे थे। इसी बीच फॉरेस्टर राहुल कुमार झा, वनरक्षी मो. बरकत, सुमित कुमार व सोफी पीछा कर लकड़ी तस्कर रमेश चौधरी को दो गुल्ली के साथ धर दबोचा। दो अन्य लकड़ी तस्कर परसौनी गांव निवासी टुनटुन शेख व कलाम अंसारी भागने मे सफल रहे। गिरफ्तार रमेश चौधरी को बुधवार को जेल भेज दिया गया।

### एसएसबी ने घोड़ासहन के युवक को 25 लाख नेपाली करेंसी के साथ किया गिरफ्तार बॉर्डर पर क्रॉस चेकिंग में सशस्त्र सीमा बल को मिली सफलता, बरामद रुपये बिहार से लेकर जा रहा था नेपाल



लोकतंत्र की आवाज

**मोतिहारीः** भारत–नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने घोड़ासहन के रहने वाले एक युवक को 25 लाख नेपाली करेंसी के साथ गिरफ्तार किया है। बॉर्डर पर क्रॉस चेकिंग के क्रम में संदेह के आधार पर जब जांच की गई तो एसएसबी के जवानों को यह सफलता मिली। बरामद रुपये बिहार से नेपाल ले जाया जा रहा था। एसएसबी के अधिकारियों ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि घोड़ासहन बाजार से भारी मात्रा में नेपाली रुपये की खेप नेपाल जाने वाली है। सूचना मिलने के बाद जवानों ने बॉर्डर पर सघन क्रास चेकिंग शुरू की। इस दौरान घोड़ासहन शहर के माई स्थान निवासी दीनानाथ प्रसाद के पुत्र अविनाश कुमार को बाइक पर सवार होकर नेपाल जाते देखा गया। बाइक सवार को रोक कर उसके झोले की जवानों हे जांच की तो झोला के अंदर छिपाकर रखे 24 लाख 71 हजार नेपाली रुपये एवं 38 हजार भारतीय रुपये बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में युवक ने बताया कि वह नेपाली–इंडियन करेंसी बदलने का कार्य करता है। जब्त सभी रुपये नेपाल के कलैया लेकर जा रहा था। फिलहाल पकड़े गए युवक से पूछताछ की जा रही है। अवैध हुंडी कारोबार में संलिप्त करीब आधा दर्जन लोगों को चिन्हित किया गया है।

### दिव्यांशु मिश्रा भोजपुरी फिल्म सिने अवार्ड से 9 मार्च को देवरिया में होंगे सम्मानित, गौनाहा मेघौली के दिव्यांशु मिश्रा को अधा दर्जन से अधिक फिल्मो के लिए मिलेगा भोजपुरी सिने अवार्ड



लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा /** प्रखंड के भितिहरवा पंचायत के मेघौली के लाल दिव्यांशु मिश्रा भोजपुरी फिल्म सिने अवार्ड से देवरिया में होंगे सम्मानित। बताते चले की यह अवार्ड उन्हें भोजपुरी के आधे दर्जन से अधिक फिल्मो के लिए दिया जा रहा है। उनके फिल्म है राजा के प्यार में,इत्तेफाक एक साजिश, हम यार जनम जनम के, कौन हैं, शूरवीर आदि भोजपूरी फिल्मों में मुख्य अभिनेता के तौर पर कार्य किए है। यह अवॉर्ड मिलने से प्रखंड से लेकर गांव तक खुशी का महौल है। वही श्रीरामपुर भितिहरवा के जदयू नेता नौशाद आलम ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि एक छोटे से गांव से उस मुकाम पर पहुंचना बहुत बड़ी बात है। आगे उन्होंने दिव्यांशु मिश्रा की उज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि आज पुरा गौनाहा को उन्होंने गौरवान्वित किया है।

### पटखौली : वाहन जांच में देसी शराब के साथ तीन कारोबारी गिरफ्तार बाइक जप्त



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**पटखौली** थाना की पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान बाइक पर लदे देसी शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. वहीं मौके से पुलिस ने बाइक को भी जब्त कर लिया है. इस बाबत थानाध्यक्ष अनीश कुमार ने बताया कि अभियान चलाकर वाहन जांच किया जा रहा था. उसी दौरान गरकटी के तरफ से एक लाल रंग की बाइक पर तीन लोग सवार होकर आ रहे थे. जहां पुलिस ने वाहन रोक जांच किया तो एक बोरी में छिपाकर देसी शराब ला रहा था. पुलिस बाइक व शराब के साथ–साथ बाइक पर सवार तीनों लोगों को गिरफ्तार कर थाना लाई. जहां पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों को मेडिकल जांच के उपरांत उत्पाद अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया. थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के मंगलपुर–औसानी पंचायत के मंगलपुर गांव के ही रहने वाले है. बताते चलें कि एक तस्कर रामप्रवेश यादव है, जो होमगार्ड का जवान भी है. होमगार्ड कमांडेंट कार्यालय से कमान कटने के उपरांत 19 नवंबर को उत्पाद थाना में उसका पोस्टिंग हुआ था, जो लगातार उत्पाद थाना में ही अपनी सेवा दे रहा था. वही होमगार्ड जवान रामप्रवेश यादव की गिरफ्तारी की सूचना के आलोक में उत्पाद विभाग थाना द्वारा होमगार्ड जवान के संबंध में पत्र के माध्यम से यह सूचना भेजी है कि होमगार्ड जवान रामप्रवेश यादव हवलदार सेठ राज प्रसाद को नामित कर अपना राइफल व गोली सौंपकर इलाज के नाम पर घर गया था. इस बाबत वरीय जिला समादेष्टा अनिल कुमार ने बताया कि उत्पाद थाना द्वारा इसकी सूचना मिली है. उसकी जांच चल रही है. जांचोपरांत अग्रेतर कार्रवाई किया जाएगा.

### एंबुलेंस के अभाव बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में मौत से जूझ रहा मासूम शिशु



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में एम्बुलेंस के अभाव में दो घन्टे तक तड़पता रहा मासूम, अंततः भाड़े के एम्बुलेंस से नवजात एवं प्रसूता को ले जाना पड़ा जीएमसीएच बेतिया प्रसूता के पति यूपी के बहारनपुर निवासी राजपाल ने बताया कि वे पिपरिया में ईंट भट्ठे पर ईंट बनाने का काम करते हैं। मेरी पत्नी ने आज अनुमंडलीय अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया है। जन्म देने के बाद बच्चा को देखा गया कि स्थिति सिरियस है। जिसे बेतिया रेफर कर दिया गया है। लेकिन दो घन्टे से अस्पताल के हर विभाग का चक्कर काट चुका हूं। पर एम्बुलेंस नहीं मिला। अब हारकर प्राइवेट एम्बुलेंस से बच्चे को लेकर बेतिया जाना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल में चार एम्बुलेंस में से दो एम्बुलेंस खराब है। जो दो एम्बुलेंस ठीक है। वे दो रेफर मरीज को लेकर बेतिया गया हुआ हैं। जिस कारण एम्बुलेंस नहीं मिल सका इस बाबत अस्पताल उपाधीक्षक डॉ.अङ तिवारी से बात हुई तो उन्होंने बताया कि हमें इसकी जानकारी नहीं थी अब जानकारी मिली है हम एंबुलेंस के लिए आगे बात की है जिसकी व्यवस्था जल्द ही करने के लिए कहा गया है

### कीर्ति कुम्भ का आयोजन 7 मार्च को: ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय में महामना की पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रम

लोक तंत्र कीआवाज

**मधेपुरा** :ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में संस्थापक महामना श्री कीर्ति नारायण मंडल (1911–1997) की 28वीं पुण्यतिथि पर आगामी 7 मार्च, 2025 को 'कीर्ति कुम्भ' (स्मरण एवं संवाद) कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह विशेष कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से शुरू होगा और इसमें बीएनएमयू, मधेपुरा के कुलपति प्रो. बी. एस. झा उद्घाटनकर्ता तथा मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति देंगे।कार्यक्रम का विवरण कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के विज्ञान परिसर स्थित कीर्ति नारायण मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की जाएगी। इसके बाद स्मार्ट क्लास रूम में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों को अपने विचार व्यक्त करने का




अवसर मिलेगा। मुख्य वक्ता इस संवाद कार्यक्रम में मानविकी संकाय के पूर्व अध्यक्ष प्रो. विनय कुमार चौधरी मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करेंगे।कार्यक्रम की तैयारी कार्यक्रम की तैयारी में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की पुष्टि की है। आयोजन सचिव डॉ. सुधांशु शेखर ने भी इस अवसर पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से संवाद में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की है। महत्वपूर्ण अवसर महामना की पुण्यतिथि पर आयोजित यह कार्यक्रम महाविद्यालय और पूरे मधेपुरा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें सभी के विचारों का आदान–प्रदान होगा और कीर्ति नारायण मंडल की अनमोल धरोहर को नई पीढ़ी के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अचानक दो घरों में लगी आग, लाखों की सम्पत्ति जलकर राख

गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर, गोह (औरंगाबाद) उपहारा थाना क्षेत्र के शंकरडीह गांव अचानक दो घरों में आग लगने से लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई है।सर्व प्रथम मंगलवार की देर रात्रि करीब 11 बजे रामराज चौधरी के फुस के कच्चा मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।जिसमें एक होंडा साइन मोटरसाइकिल, तीन बकरी, एक क्विंटल अनाज, कपड़ा सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। वहीं दूसरी घटना उक्त गांव के शंकर बिगहा में किशोर चौधरी के फुस के मकान में खाना बनाने के दौरान आग लग गई। जिसमें पशु का चारा, कपड़ा सहित अन्य खाने पीने की सामग्री जल कर राख हो गया। इस आगलगी में हजारों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इस संबंध में दोनों पीड़ितों ने स्थानीय प्रशासन से मुआवजे की मांग किया है। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों पीड़ित काफी अत्यंत गरीब परिवार से आते हैं। इन लोगों पर स्थानीय प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।

### तीन थाना में 38 शस्त्रों का हुआ सत्यापन



गौनाहा / प्रखंड पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार होली पर्व के अवसर पर गौनाहा, सहोदरा व मटियरिया थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के लाइसेंसी शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। गौनाहा थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि बुधवार के दोपहर तक 22 शस्त्रो का सत्यापन कर लिया गया है। वही सहोदरा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि 6 व मटियरिया थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार ने बताया कि 10 शस्त्रो का सत्यापन किया जा चुका है। बाकी बचे लाइसेंस धारी को सूचना दिया गया है कि अपने–अपने हथियारों का भौतिक सत्यापन जल्द से जल्द करा लें। अन्यथा उनके उपर कारवाई किया जाऐगा। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के लाइसेंस धारी लोग भौतिक सत्यापन के लिए थाना पर पहुंच कर अपने शस्त्रों का सत्यापन करवा रहे है। थानाध्यक्षों ने बताया कि होली पर्व को देखते हुए पूर्व से ही थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के लाइसेंस धारी का डेटाबेस तैयार किया जा चुका है। ताकि होली पर्व के पूर्व लाइसेंस धारी शस्त्रों को सत्यापन में कोई परेशानी न हो।

### दो प्राथमिकी अभियुक्त को भेजा जेल

दिलीपकुमार ठाकुर
वारिसनगर /समस्तीपुर वारिसनगर थाना पुलिस द्वारा विती रात्रि थाना कांड संख्या 268/24 के प्राथमिकी अभियुक्त सीताराम महतो एवं रामखिलावन महतो दोनो पिता स्वर्गीय गिरज महतो ग्राम रहुआ पश्चिमी थाना वारिसनगर जिला समस्तीपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय में भेजा गया क़ी पुस्टि एसएचओ निरंजन कुमार ने क़ी है ।

### तीन एनबिडब्लू वारंटी को भेजा जेल



दिलीपकुमार ठाकुर
खानपुर/समस्तीपुर विती रात्रि खानपुर पुलिस द्वारा एनबीडब्लू वारंट एक्स (आर ) 30/23 ,टिआर 1753/25 के अभियुक्त श्याम कुमार सहनी पिता गोला सहनी साकिन खंजापुर वार्ड 2 थाना खानपुर जिला समस्तीपुर एवं एनबीडब्लू वारंट सीआर 1605/ 17 ,टिआर 827/25 के अभियुक्त उपेंद्र राय पिता स्वर्गीय जनकधारी राय एवं नंदलाल राय पिता स्वर्गीय रामविलास राय दोनों ग्राम बिशनपुर आभी थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को गिरफ्त में लेते हुए सरकारी वाहन से उचित मार्गरक्षी दल के साथ माननीय न्यायालय समस्तीपुर में उपस्थापन कराने वास्ते थाना से भेजा गया क़ी पुस्टि एसएचओ मनोजकुमार सिंह ने क़ी ।

# सिरदला: सहकारिता विभाग बिहार सरकार के सौजन्य से किसानों को किया जा रहा जागरूक

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी जा रही जानकारी

लोकतंत्र की आवाज







**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला नवादा।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में सहकारिता विभाग बिहार सरकार के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किसानों को योजनाओं की जानकारी देने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन एक दिन में तीन पंचायत में किया जाता है। सिरदला प्रखंड के बंधी पंचायत के कसियाडीह गांव में बंधी पंचायत पैक्स अध्यक्ष विजय प्रसाद की अध्यक्षता में कार्यक्रम किया गया, वहीं अकौना पंचायत के कोलडीहा गांव में पैक्स अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। तथा सिरदला पंचायत के सिरदला कचहरी के पास सिरदला के पैक्स अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जन औषधि केंद्र, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, डेरी सहयोग समिति केंद्र, पेट्रोल डीजल आउटलेट केंद्र, किसान सहकारी चौपाल कार्यक्रम के तहत स्मार्ट फाउंडेशन मनेर पटना के कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को योजनाओं की जानकारी दी गई। किसानों को कृषि ऋण, उपकरण खरीदने, फसल छती, कॉमन सर्विस सेंटर, मुख्यमंत्री हरित कृषि यंत्र योजना, आदि के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पंचायत अध्यक्षों ने कहा कि सभी सेवाएं लागू की जा रही है। मौके पर टीम लीडर नीतीश कुमार दांगी, कलाकार प्रिंस प्रभात दांगी, अविनाश कुमार, राजकुमार राजवंशी, सुधीर सिंह, राखी कुमारी, कीर्ति कुमारी सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे।

## पीरपैंती: चैलेंजर कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहला सेमीफाइनल में अमन एकादश ने जीत दर्ज किया



लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** प्रखंड के प्रगति मैदान में चैलेंजर कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमी फाइनल का पहला मैच अमन एकादश वर्सेज बेगूसराय के बीच खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए अमन एकादश ने निर्धारित 16 ओवर में 4 विकेट खोकर 257 रन बनाए। जवाब में बेगूसराय की टीम ने 7 विकेट खोकर 210 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।भीरू को मैंन आफ द मैच चुना गया।। आज के मैच के अपपायर चंदनऔर विकाश थे। कमेंटेटर में विकाश और पवन, स्कोरर में नीतीश कुमार थे।

## दस वर्षीय बालक की हत्या की जाँच को एसएसपी



लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड के श्रीमतपुर हजूर नगर पंचायत अंतर्गत काली प्रसाद गांव निवासी प्रदीप कुमार मंडल का 10 वर्षीय पुत्र अंशु कुमार अपने झोपड़ी नुमा घर में लटका पाया गया था।इसकी जांच पड़ताल के लिए भागलपुर एसएसएस हृदयकांत ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर, पूछताछ किया। एसडीपीओ अर्जुन कुमार, थाना अध्यक्ष नीरज कुमार, टीम में शामिल थे। हत्या आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा।

## 8 मार्च को टिकारी विधानसभा में जन संवाद करेंगे जन सुराज के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बीडी शर्मा अदई, खजूरी एवं नेहुरा पंचायत में प्रशांत किशोर के पांच उद्देश्यों से कराएंगे अवगत

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** जन सुराज बिहार प्रदेश युवा उपाध्यक्ष डॉ बीडी शर्मा 8 मार्च को टिकारी विधानसभा क्षेत्र के तीन गांवों में जनसंवाद करेंगे।जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के बिहार बदलने के उद्देश्य से पांच कार्यक्रमों को जन–जन तक पहुंचाने के लिए टिकारी विधानसभा क्षेत्र के अदई, खजूरी एवं नेहुरा पंचायत में जन संवाद आम लोगों के बीच जाकर करेंगे।जिसमें राज्य सरकार के नाकामियों और प्रशांत किशोर के पांच जन उपयोगी कार्यक्रमों को बताया जाएगा। जिसमें जन सुराज की सरकार बनने पर युवाओं का पलायन बंद होगा, बिहार के युवाओं को रोजी रोजगार की गारंटी दी जाएगी। बुजुर्गों को प्रतिमा 2000 रूपये पेंशन मिलेगा।महिलाओं की आर्थिक समृद्धि के लिए सस्ता ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए गरीब बच्चों को 15 साल तक मुफ्त में बेहतर शिक्षा दी जाएगी। किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए फसलों का उचित मूल्य दिया जाएगा। डॉ बीडी शर्मा ने बताया कि टिकारी विधानसभा के आम आवाम आर्थिक खुशहाली समृद्धि के लिए जन सुराज एकमात्र विकल्प बनकर उभर रहा है। बिहार में व्यवस्था परिवर्तन के लिए हमारी पार्टी कार्य कर रही है। टिकारी में अराजकता, नौकरशाही, भ्रष्टाचार, महिलाओं के साथ बढ़ रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे।

# बिहार बजट के खिलाफ भाकपा माले का विरोध प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज




**गौनाहा ।** बिहार सरकार के बजट के खिलाफ भाकपा माले ने गौनाहा में विरोध मार्च निकाला। मार्च थाना, बाजार और बैंक होते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंचा, जहां यह सभा में बदल गया। इस दौरान बजट की प्रति जलाई गई। माले नेता लालजी प्रसाद यादव ने कहा कि बजट में आशा, जीविका, रसोइया, आंगनबाड़ी और माइक्रोफाइनेंस कंपनियों से जुड़ी महिलाओं की कर्जमाफी की कोई व्यवस्था नहीं की गई। आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे सफाईकर्मी, कार्यपालक सहायक और ठेका कर्मियों की मांगों को भी नजरअंदाज किया गया। 200 यूनिट फ्री बिजली, सामाजिक सुरक्षा भत्ता 2500 रुपये करने, महिलाओं को 3000 रुपये सहायता राशि देने और गरीबों को पक्का मकान देने जैसे मुद्दों को भी बजट में शामिल नहीं किया गया। आदिवासी संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक नंदकिशोर महतो ने कहा कि डबल इंजन की सरकार गरीबों के खिलाफ काम कर रही है। पहले से बने कानूनों को खत्म कर अमीरों के पक्ष में नए कानून बनाए जा रहे हैं। मनोज बैठा ने कहा कि 40 साल से गरीबों को उनकी जमीन पर कब्जा नहीं मिला, उल्टा उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। सभा में मनोज बैठा, नंदकिशोर महतो, सुधीर महतो, रमाशंकर महतो, रामचंद्र राम, बृजेश राम, रामवृक्ष माझी और हारुन अंसारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## गोह( औरंगाबाद) :निमड़ा सरकारी विद्यालय में समय से पहले छात्रों को दी जा रही छुट्टी,

लोकतंत्र की आवाज़



**गोह( औरंगाबाद)।** बिहार में सुशासन बाबू की सरकार है। इनके कार्य काल में शिक्षा सुधार के नाम पर सरकार करोड़ों की राशि पानी की तरह बहा रहे हैं। लेकिन शिक्षक अपने मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। शिक्षकों के लापरवाही के चलते सुदूर देहात क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। बताते चलें कि आज गोह प्रखंड के अमारी पंचायत अंतर्गत निमाड़ा मध्य विद्यालय में बुधवार की दोपहर 2 बजकर 34 मिनट पर ताला बंद देखने को मिला। उस समय विद्यालय में एक भी बच्चें मौजूद नहीं थे। विद्यालय के सभी कक्षा वर्ग बंद था। स्कूल के बरामदे में कुर्सी पर बैठकर एक महिला शिक्षिका व एक शिक्षक बातचीत कर रहे थे। वहीं दूसरी शिक्षिका अपने मोबाइल फोन में व्यस्त थी। जबकि प्रभारी महोदय बरामदे में खड़े थे। समय से पहले छुट्टी देने की बात पर प्रभारी प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार ने बताया कि विद्यालय में कोई आवश्यक काम था जिसके चलते बच्चों को जल्दी छुट्टी दी गई। वहीं इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि किसी भी विद्यालय में समय से पहले छुट्टी देना गलत बात है, जांचकर कारवाई की जाएगी।

## राजद कार्यकर्ताओं को एक जुट होने का किया अपील ,,, गुलशन यादव

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर ,,,,** राजद के किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव गुलशन यादव एवं महासचिव विपिन कुमार मंडल ने प्रेस कांफ्रेंस करते हूए गुलशन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस जिला नवगछिया के दो विधानसभा आता है ।गोपालपुर और बिहपुर जितने भी राजद के कार्यकर्ता सब में जोश और ऊर्जा होना चाहिए कि तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाएंगे और दोनों सीट तभी हम जीत पाएंगे।जब हम कि जाती या धर्म से ऊपर उठकर निस्स्वार्थ भाव से उठ कर जो हमारे माननीय तेजस्वी यादव के द्वारा जिस कार्यकर्ता को राजद का सिंबल मिलेगा उस हम सब लोग मिलकर पूरे संगठन से उसको जिताने का काम करेंगे।चाहे आप जो जाती से राजद परिवार सब का सम्मान एक समान होगा ।राजद परिवार आज से शपथ लेता हैं किसी पर कोई छिटाकशी एवं उंगली उठाने का काम नहीं करेंगे।जिस तरह हमारे माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव जी के द्वारा जिसको टिकट दे दिया जाता था उसका कोई राजद परिवार विरोध नहीं करते थे ।

## फाइलों में पैन की सफाई परिपूर्ण,साल भर पूर्व में हुई थी सफाई,दिखावा कर हाथ किया पीछे,सिंचाई विभाग से हुआ था काम

लोक तंत्र कीआवाज




**लखीसराय ।** साल भर पूर्व सिंचाई विभाग से पैन की सफाई की गई पर ये सिर्फ शायद फाइलों में ही साफ किया गया दर्शाया गया होगा और सच्चाई क्या है इससे लोगो को झुठलाया नहीं जा सकता। पैन की हालत इस कदर बनी है कि वह समतल भूमि हो गई दूसरी और बीमारी की असीम संभावना बनी हुई है।डॉक्टर के द्वारा मिली जानकारी में इस तरीके के जमा गंदगी से मच्छर का पनपना आम बात हो जाएगी और मच्छर होने से मलेरिया (रुक रुक कर फीवर), डायरिया (उल्टी दस्त, )पानी दूषित होगा। दूसरी तरफ प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रिया कुमारी को जानकारी देने पर इन्होंने कहा कि मुझे जानकारी हुई मैने सिंचाई विभाग से बात भी की। वही इसको लेकर रउद्द जमुई और रउद्द लखीसराय को जानकारी दी गई। उन्होंने आश्वाशन दिया है काम करवाया जाएगा। वही सूत्रो के अनुसार ये एक दिखावा है और इसकी राशि भी निकल गया। लोगों को समस्या बनी हुई लेकिन कोई भी अधिकारी इस पर संज्ञान नहीं ले पा रहे है ऐसा लगता है कि रुपए का कही न कही कुछ गलत उपयोग हुआ होगा या फिर राशि स्वयं रखने को लेकर यह कारनामा किया गया है है। सूत्रो ने बताया कि वही ठेकेदार ने भी बताया था कि इसकी सफाई मशीन से की जाएगी लेकिन मशीन आना तो दूर ठेकेदार जी का नजर आना बंद हो गया। वही दुकानदारों ने बताया कि इस पैन के सफाई ना होने से हम लोगों के घर निकलने वाला पानी नाले में जमा हो जाता है और उसके बाद पानी जमने से गंदगी होना शुरू हो जाता है। वही इन नालों की सफाई करवाने के लिए बराबर किसी ना किसी को बुलाना होता है और तब जाकर फिर समस्या निदान होती है लेकिन दो तीन महीने के बाद यह समस्या फिर आकर खड़ी हो जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघर्ष समिति जिला संघ द्वारा विरोध प्रदर्शन आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता। बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघर्ष समिति के तहत स्टेडियम प्रांगण में मंगलवार को जिला संघ द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। सरकार के एफआरएस नीति के खिलाफ एवं मजदूर विरोधी नीति के खिलाफ धरना आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार राज्य सेविका सहायिका संघ राज्य सचिव विभा कुमारी नें किया। बिहार राज्य सेविका, सहायिका संघ उपाध्यक्ष पार्वती कुमारी ने धरना को संबोधित संबोधित किया। वहीं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य सचिव मंडल सदस्य ओमप्रकाश नारायण ने धारणा को संबोधित करते कहा कि आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका को सरकारी कर्मी का दर्जा दिया जाय। वही जब तक सरकारी कर्मचारी का दर्जा सरकार नहीं देती है तबतक 15 हजार रूपए मानदेय दिया जाय। इसको लेकर आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका संघ अनवरत संघर्ष जारी रखेगा। धरना को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला सचिव परमानंद ठाकुर, भावेश यादव, विपिन कुमार, मनोज दत्त, सेविका धार्मिक कुमारी, पूनम कुमारी, वीणा रानी, रानी कुमारी, रेणु देवी, प्रतिमा कुमारी, उषा देवी, रंजू देवी ने भी संबोधित किया।

### सशस्त्र सीमा बल ने बरुदाहा सीमा पर 110 बोतल नेपाली शराब की तस्करी का किया खुलासा

लोक तंत्र कीआवाज



सिकटी। दिनांक 04/03/2025 को महेंद्र प्रताप, कमांडेंट 52वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, अररिया के निर्देशन में बाह्य सीमा चौकी बरुदाहा के कार्मिकों द्वारा सीमा स्तम्भ संख्या 164/1 पर विशेष गश्ती अभियान के दौरान 110 बोतल नेपाली शराब जब्त की गई। घटना की जानकारी देते हुए बाह्य सीमा चौकी बरुदाहा के कैम्प कमांडर स0उ0नि0 शंकर सिंह ने बताया कि गश्ती दल ने सीमा स्तम्भ संख्या 164/1 से लगभग 700 मीटर दूर बारुदाह गाँव के समीप समय लगभग 12:50 बजे कुछ युवकों को नेपाल से भारत की तरफ आते देखा। जब गश्ती दल ने उन्हें रुकने को कहा, तो वे अपना सामान आनन–फानन में छोड़कर नेपाल की ओर भाग गए। गश्ती दल द्वारा जब सामान की जाँच की गई तो उसमें 110 बोतल नेपाली शराब पाई गई। इन बोतलों को आबकारी विभाग, सिकटी को सुपुर्द कर दिया गया। विशेष गश्ती दल में आ0स0 रोहित कुमार, आ0स0 श्रीराम बिरुआ, और आ0स0 बनोठो गोपी शामिल रहे।

### फारबिसगंज दवा व्यावसायी संघ ने वित्त मंत्री सम्राट चौधरी के प्रति जताया आभार

लोक तंत्र कीआवाज

फारबिसगंज। बिहार विधानसभा में वर्ष 2025–26 के बजट में हेल्थ सेक्टर के लिए 20330 करोड़ रुपये का प्रावधान किए जाने को लेकर फारबिसगंज केमिस्टस एंड ड्रगिस्टस एसोसिएशन ने वित्त मंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। संघ के अध्यक्ष और पूर्वी क्षेत्र के संगठन सचिव अवधेश कुमार साह, महासचिव मनोज कुमार भारती, उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण सोनु, और प्रशासनिक सचिव राकेश रौशन ने इस निर्णय को स्वागत करते हुए एक पत्र भेजा, जिसमें उन्होंने वित्त मंत्री को साधुवाद दिया।

**बजट में हेल्थ सेक्टर के लिए बड़ा प्रावधान:** अवधेश कुमार साह ने कहा कि बेगूसराय में कैंसर अस्पताल बनाने की घोषणा और प्रदेश में निजी क्षेत्र में मेडिकल कॉलेजों को खोलने की मंजूरी को लेकर वित्त मंत्री का निर्णय बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस बजट में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बड़ी राशि का प्रावधान किया गया है, जिससे खासकर ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार होगा। इससे लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

**दवा उद्योग को बढ़ावा देने की घोषणा** : संघ के संरक्षक विनोद सरावगी ने कहा कि बिहार में दवा उद्योग को बढ़ावा देने की वित्त मंत्री की घोषणा भी बेहद सकारात्मक है। उन्होंने बताया कि बिहार के दो प्रमुख दवा उद्योग, एल्केम लैबोरेट्रीज लिमिटेड और एरिस्टो फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड, आज देश की दस अग्रणी दवा कंपनियों में शामिल हैं, जो राज्य के दवा उद्योग की मजबूती को दर्शाते हैं। इस कदम से न केवल दवा क्षेत्र को फायदा होगा, बल्कि राज्य में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

# कटिहार की श्वेता भारती को राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा

लोकतंत्र की आवाज

प्रवीण कुमार

**कटिहार।** आई ग्लैम मिस इंडिया नोबेल क्वीन खिताब की विजेता श्वेता भारती को 10 मार्च को दलसिंह सराय में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। समारोह में राज्य के विभिन्न क्षेत्र की महिला सेलिब्रिटी को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें कटिहार की आई ग्लेम मिस इंडिया नोबेल क्वीन श्वेता भारती को भी सम्मानित किया जाएगा। यह खबर मिलते ही श्वेता भारती के परिवार में काफी खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। साथ ही कटिहार जिला वासी श्वेता भारती को बधाई देने का सिलसिला जारी है।



कटिहार जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत सागरथ पंचायत के उफरैल ग्राम निवासी त्रिवेणी प्रसाद विश्वास की द्वितीय पुत्री श्वेता भारती ने पिछले दिनों कोलकाता में आयोजित आई ग्लैम मिस इंडिया नोबेल क्वीन का खिताब मिला है। 2023 में पटना में आई ग्लेम के द्वारा ब्यूटी पैजन प्रतियोगिता में भाग ली। ब्यूटी वीथ रिस्पांसिबिलिटी राज्य स्तर के प्रतियोगिता में आई ग़्लेम मिस बिहार की प्रथम रनर अप बनी।ग्लेम मिस बिहार बिजनेस का खिताब से नवाजा गया। श्वेता भारती की इस सफलता पर उनके माता चंदा देवी,पिता त्रिवेणी प्रसाद विश्वास, बहन स्मिता विश्वास, सुप्रिया कुमारी, नीतू भारती,अंकु भारती, नेहा भारती, आर्य भारती, तानिया भारती सहित सभी पारिवारिक सदस्यों में खुशी है।

श्वेता भारती की माता चंदा देवी

● श्वेता भारती को बधाई देने का सिलसिला जारी

इंटरमीडिएट की डिग्री प्राप्त कर गृहणी के साथ-साथ सोशल वर्कर भी हैं। इनके पिताजी त्रिवेणी प्रसाद विश्वास कन्या मध्य विद्यालय कुम्हेरी, प्रखंड कदवा से 2014 में प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत हो चुके हैं। श्वेता भारती उच्च विद्यालय रामबाग पूर्णिया की ओर से जिला से लेकर राज्य स्तरीय खो- खो प्रतियोगिता में कई बार भाग लिया और राज्य स्तर पर इन्हें पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय की ओर से कई अलग-अलग स्थान में स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण प्राप्त की और राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। स्काउट एंड गाइड की राष्ट्रीय स्तर का 15 दिवसीय प्रशिक्षण में जमुई, उत्तरांचल में नृत्य प्रतियोगिता में भी भाग ली।पठन-पाठन के क्रम में ही इन्होंने 2019 में व्यवसाय क्षेत्र में प्रवेश की।

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत इन्होंने 10 लाख रुपए लोन लेकर अपने गांव में कपड़े बनाने की स्मॉल फैक्ट्री चलना प्रारंभ की। गांव की महिलाओं को रोजगार से जोड़ा गया। गांव से लेकर पटना तक कई महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का कार्य की।

## कीर्ति कुम्भ का आयोजन 7 मार्च को: ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय में महामना की पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रम




लोक तंत्र कीआवाज

**मधेपुरा।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में संस्थापक महामना श्री कीर्ति नारायण मंडल (1911-1997) की 28वीं पुण्यतिथि पर आगामी 7 मार्च, 2025 को 'कीर्ति कुम्भ' (स्मरण एवं संवाद) कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह विशेष कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से शुरू होगा और इसमें बीएनएमयू, मधेपुरा के कुलपति प्रो. बी. एस. झा उद्घाटनकर्ता तथा मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति देंगे।

**कार्यक्रम का विवरण:** कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के विज्ञान परिसर स्थित कीर्ति नारायण मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की जाएगी। इसके बाद स्मार्ट क्लास रूम में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों को अपने विचार व्यक्त करने का अवसर मिलेगा।

**मुख्य वक्ता:** इस संवाद कार्यक्रम में मानविकी संकाय के पूर्व अध्यक्ष प्रो. विनय कुमार चौधरी मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करेंगे।

**कार्यक्रम की तैयारी:** कार्यक्रम की तैयारी में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की पुष्टि की है। आयोजन सचिव डॉ. सुधांशु शेखर ने भी इस अवसर पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से संवाद में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की है।

**महत्वपूर्ण अवसर:** महामना की पुण्यतिथि पर आयोजित यह कार्यक्रम महाविद्यालय और पूरे मधेपुरा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें सभी के विचारों का आदान-प्रदान होगा और कीर्ति नारायण मंडल की अनमोल धरोहर को नई पीढ़ी के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।

## 223 बोतल कोडिनयुक्त कफ सिरप के साथ चार कारोबारी गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**सोनवर्षा राज सहरसा संवादाता।** प्रखंड क्षेत्र के थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रात्रि गश्ती के दौरान डुमरा चौक स्थित गिरीजा पेट्रोल पंप से चार युवकों मनीष कुमार पिता विनोद यादव, ग्राम– सतौर, थाना–डरहार, प्रिंस रौशन उर्फ रोशन झा पिता शंकर झा ग्राम– भवटीया, गौरव कुमार, पिता– विजय महतो एवं . कुमार बालाजी, पिता– रविंद्र महतो दोनों ग्राम– डुमरा, थाना– सोनवर्षा राज जिला सहरसा को 223 बोतल कोडिनयुक्त कफ सिरप, दो मोटरसाइकिल एवं तीन मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। उक्त बात थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि चारों युवक के विरोध कांड दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए सभी को न्यायिक हिरासत में सहरसा भेज दिया गया।

## भाजपा नेता नागेश्वर यादव ने बिहार बजट को बताया ऐतिहासिक और क्रांतिकारी, सभी वर्गों और क्षेत्रों का रखा गया है ध्यान

लोक तंत्र कीआवाज



**नरपतगंज।** बिहार सरकार द्वारा पेश किए गए वित्तीय बजट 2025-26 को ऐतिहासिक और क्रांतिकारी बताते हुए भाजपा नेता और जिला भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष नागेश्वर यादव ने इस बजट को राज्य के विकास और समृद्धि के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट में बिहार के हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर नागरिक का ध्यान रखा गया है। बजट का आकार 3 लाख 17 हजार करोड़ रुपये रखा गया है, जो पिछले वर्ष के बजट से 38,169 करोड़ रुपये अधिक है।

नागेश्वर यादव ने कहा, यह बजट केवल संख्याओं से अधिक है, बल्कि इसमें राज्य के नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए विभिन्न योजनाओं का समावेश किया गया है। यह बजट बिहार के विकास के नए रास्ते खोलेगा और सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान करेगा। नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र के कद्दावर बीजेपी नेता नागेश्वर यादव ने कहा:₹यह बजट बिहार के विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इसमें हर वर्ग को समान अवसर देने का प्रयास किया गया है, जिससे राज्य का हर नागरिक समृद्धि की ओर बढ़ेगा। नागेश्वर यादव ने इस बजट को बिहार के लिए ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह बिहार के लिए समृद्धि और प्रगति का नया युग शुरू करेगा। इधर सिकटी के लोकप्रिय विधायक विजय मंडल के कैबिनेट मिनिस्टर का पदभार संभालने पर नागेश्वर यादव ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई भी दिया।

# पनोरमा किड्स: बिना किसी फ्रेंचाइज़ी शुल्क के शुरू करें अपनी प्ले स्कूल फ्रेंचाइज़ी!

लोक तंत्र कीआवाज

**पूर्णियां।** अब आप भी अपनी पनोरमा किड्स प्ले स्कूल की फ्रेंचाइज़ी खोल सकते हैं, वह भी बिना किसी भारी फ्रेंचाइज़ी शुल्क के! पनोरमा फाउंडेशन ने एक अद्वितीय अवसर पेश किया है, जिसमें केवल एक छोटी स्थापना शुल्क पर आपको हर वह संसाधन मिलेगा जो एक सफल प्री-स्कूल चलाने के लिए आवश्यक है।

इस अवसर से जुड़कर आप न केवल एक प्री-स्कूल चला सकते हैं, बल्कि बच्चों की शिक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए आप 075200 90710 पर कॉल कर सकते हैं या हमारे व्हाट्सएप चैनल से जुड़ सकते हैं।

**तो आइए, पनोरमा किड्स के साथ मिलकर बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं! :** शिक्षा के क्षेत्र में पनोरमा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा के इस बढ़ते कदम का सभी ने स्वागत किया है। पनोरमा फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए इस कदम को समाज के सभी वर्गों ने सराहा है, क्योंकि इससे न केवल बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे। संजीव मिश्रा का यह कदम बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।




**इस फ्रेंचाइज़ी मॉडल में निम्नलिखित सेवाएं शामिल हैं**

1.इंस्टाग्राम और फेसबुक विज्ञापन सेटअप
2.गूगल सूचीकरण सेवा
3.स्थानीय प्रचार सामग्री
4.दैनिक और साप्ताहिक गतिविधि योजनाकार
5.डिजिटल शिक्षण सामग्री
6.2477 समर्पित हेल्पलाइन
7.ऑनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम
8.दैनिक क्रिएटिव सामग्री और साप्ताहिक गतिविधि वीडियो

● पनोरमा फाउंडेशन का सुनहरा अवसर, मात्र एक छोटी स्थापना शुल्क में पाएं सफल प्री-स्कूल चलाने के लिए सभी आवश्यक सेवाएं: संजीव मिश्रा

# अररिया में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 16882 परिवारों को पहली किश्त की राशि का हस्तांतरण

लोक तंत्र कीआवाज

**अररिया।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त अतिरिक्त लक्ष्य के तहत अररिया जिले के 16882 परिवारों को आज पहली किश्त की सहायता राशि का हस्तांतरण किया गया। इस अवसर पर समाहरणालय अररिया स्थित परमान सभागार में एक जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला पदाधिकारी अनिल कुमार ने की। इस कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों और लाभार्थियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज की।



कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त श्रीमती रोजी कुमारी, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नितेश कुमार पाठक, और अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

**मिशन 'गृह प्रवेश' के तहत चाबी वितरण:** इस अवसर पर आवास स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया और एकमुश्त पहली किश्त का भुगतान किया गया। साथ ही, आवास पूर्ण करने वाले लाभार्थियों को मिशन 'गृह प्रवेश' के तहत प्रतिकात्मक चाबी का वितरण किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री बिहार ने ग्र्ल्ल्ग्र्ी उ्ं' के माध्यम से अररिया जिले के 16882 लाभार्थियों को पहली किश्त की सहायता राशि का भुगतान किया।

**स्वीकृति पत्र वितरण :** जिला पदाधिकारी अररिया ने मिशन ₹गृह प्रवेश₹ के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त अतिरिक्त लक्ष्य के विरुद्ध स्वीकृति प्राप्त 05 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया। शेष स्वीकृति पत्र प्रखंड और पंचायत स्तर पर वितरित किए गए हैं। इस कार्यक्रम में आवास पूर्ण करने वाले 05 लाभार्थियों को जिलाधिकारी द्वारा प्रतिकात्मक चाबी का वितरण भी किया गया, जबकि प्रखंड स्तर पर भी इसी तरह चाबी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संबंधित लाभार्थी उपस्थित थे और उन्हें अपने नए घर के प्रतीक के रूप में चाबी सौंपी गई।

● जिला स्तरीय कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अतिरिक्त लक्ष्य के तहत लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र और प्रतिकात्मक चाबी की गई वितरित

# सहरसा राजकीय पोलिटेकनिक में एआई कार्यशाला का सफल आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** राजकीय पोलिटेकनिक में अनुदीप फाउंडेशन के विशेषज्ञों द्वारा सीओई के अंतर्गत एक सप्ताहीय अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई कार्यशाला का सफल आयोजन 24 फरवरी से दो मार्च तक आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ राकेश कुमार एवं धर्मवीर कुमार ने मशीन लर्निंग एवं एआई के विभिन्न टूल्स पर व्याख्यान दिए और विद्यार्थियों को प्रायोगिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य प्रो मिथुन कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के तकनीकी युग का महत्वपूर्ण क्षेत्र है और इस तरह की कार्यशालाएं विद्यार्थियों को आधुनिक उद्योगों के अनुरूप तैयार करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने अनुदीप फाउंडेशन के विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार के कार्यक्रमों को भविष्य में भी आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में संस्थान के व्याख्यातागन एवं अनुदीप फांउडेशन की टीम का विशेष योगदान रहा। कार्यशाला के समापन पर छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

# जल्द होगा कारू खिरहर संग्रहालय का निर्माण: डॉ आलोक रंजन

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** विधायक व बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन ने बिहार विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्न काल के दौरान सहरसा में स्वीकृत संत कारू खिरहर संग्रहालय भवन निर्माण कार्य के प्रशासनिक स्वीकृति का मुद्दा उठाया। उन्होंने प्रश्न के दौरान सरकार से कहा कि सहरसा जिला अंतर्गत मत्स्यगंधा परिसर में वर्तमान में मौजूद संग्रहालय भवन काफी जर्जर है। एवं सुरक्षा का पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। मैंने अपने मंत्री काल में सहरसा में बंद पड़े संग्रहालय को पुनः चालू करवाया था। साथ ही नए संग्रहालय भवन के लिए स्वीकृति दी थी।



डीएम के पत्रांक द्वारा संग्रहालय भवन निर्माण हेतु 72.65 डी. भूमि उपलब्ध करवाई गई। इसके बाद आजतक प्रशासनिक स्वीकृति नहीं दी गई। इसीलिए हमने बिहार विधानसभा में प्रश्न के माध्यम से इसकी प्रशासनिक स्वीकृति हेतु सरकार से आग्रह किया है। सरकार ने अपने उत्तर में कही है कि बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के द्वारा जी+2 संग्रहालय भवन निर्माण हेतु 1579.39 लाख पंद्रह करोड़ उन्नासी लाख उन्नासी हजार रुपया मात्र का तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन प्रशासनिक स्वीकृति हेतु विभाग को उपलब्ध कराया गया है। प्रशासनिक स्वीकृति की कारवाई प्रक्रियाधीन है। डॉ आलोक रंजन ने बताया कि सहरसा पुरातात्विक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थल है। जहाँ पुरातात्विक विभाग द्वारा कई जगह खुदाई के दौरान काफी पुराने मूर्ति एवं पूर्व के अवशेष मिले हैं। जिसे सुरक्षित करने के लिए कोई पर्याप्त स्थल नहीं है। इसके परिपेक्ष्य में हमने यहां नए संग्रहालय भवन के निर्माण की स्वीकृति दी थी। विभाग जल्द ही प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कराया जाएगा।

### सांसद ने केन्द्रीय वस्त्र मंत्री को पत्र लिखकर आर बी एच एम जूट मिल की ओर किया ध्यान आकृष्ट

लोकतंत्र की आवाज

प्रवीण कुमार

कटिहार। सांसद तारिक अनवर ने केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह को पत्र लिखकर कटिहार आर बी एच एम जूट मिल के संदर्भ मे जानकारी दी। कटिहार जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला ने बताया कि सांसद तारिक अनवर ने केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह को 19 फरवरी को पत्र लिखकर राय बहादुर हरदूतराय मोतीलाल चमरीया ( आर बी एच एम ) जूट मिल की भूमि पर एक आधुनिक जूट पार्क की स्थापना करवाने का अनुरोध किया था। 28 फरवरी को लिखे पत्र के माध्यम से जवाब मे केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने सांसद तारिक अनवर को बताया कि उनके पत्र को अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु संबंधित प्रभाग को प्रेषित किया जा चुका है। सांसद श्री अनवर ने मंत्री श्री सिंह के द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई के लिए आभार जताते हुए कहा कि मैं आशान्वित हूँ कि मंत्री जी के द्वारा कटिहार की जनता को निश्चित तौर पर आधुनिक जूट पार्क का लाभ मिलेगा।



## संक्षिप्त खबरें ।


### झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान समारोह अंगार पथरा में आयोजित



लोक तंत्र कीआवाज

धनबाद। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का सदस्यता अभियान समारोह आज अंगार पथरा स्थित मधुर मिलन के समीप आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय सदस्य नीलम मिश्रा को सम्मानित करते हुए वार्ड 4 की भावी प्रत्याशी वंदना सिन्हा ने उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में दर्जनों लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और सदस्यता रसीद प्राप्त की। पार्टी के सदस्य बनने के लिए उपस्थित लोगों का उत्साह दिखाई दिया। सदस्यता अभियान के दौरान पार्टी ने प्रदेश में अपनी स्थिति को और मजबूत करने का संकल्प लिया और नए सदस्य जोड़ने के लिए अपना अभियान तेज किया। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के धनबाद जिला के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय सदस्य रमेश टुडू, धनबाद महानगर संयोजक मंडली सदस्य मंटू चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, कतरास महानगर संयोजक मंडली सदस्य सुमित महतो, कृष्णा लाला, विकी मालाकार, बंटी सिंह, घंटू त्रिगुणायत, वरीय नेता सुरेश लाल , अमित यादव, साहिल खान, आदेश पासवान, रंजीत रवानी, अमर पासवान, धनंजय विश्वकर्मा, सुमित यादव, संतोष राउत, मनोहर कुमार, शहीद खान, चंदन तुरी, मनु चौहान सहित पार्टी के अन्य प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### इस बजट से झारखंड निर्माण के सपने पूरे नहीं होंगे : राजेश यादव



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक

झारखंड। सरकार द्वारा आज पेश किए गए करीब 1.45 लाख करोड़ के बजट से ऐसा नहीं लगता कि, इससे झारखंड निर्माण के असल सपनों को पूरा करने की दिशा में कोई ठोस उपलब्धि हासिल हो पाएगी। बजट में झारखंड के सबसे प्रमुख सवाल, बेरोजगारी और पलायन रोकने के लिए ठोस उपायों सहित बेरोजगारों के लिए मुकम्मल बेरोजगारी भत्ता, किसानों की उपज के लिए बेहतर कीमत की गारंटी, मजदूरों के लिए सम्मान व सुरक्षा पूर्वक मजदूरी की गारंटी के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए भी बुनियादी उपायों का अभाव है। इसलिए महज जोड़—घटाव की कवायद रूपी इस बजट से झारखंड वासियों को कोई विशेष फायदा होने वाला नहीं है।


### ट्रेक्टर और मोटरसाइकिल की सीधी भीडत मै मोटरसाइकिल चालक की मौत



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

बरहरवा। राधानगर थाना क्षेत्र के उधवा सिरासीन आरईओ सड़क बेगमगंज सिंहजी आम बागान के पास बुधवार सुबह करीब 11 बजे ट्रैक्टर एवं मोटरसाइकिल की सीधी भिड़ंत में मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई। जबकि एक मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के फुटानीबाजार निवासी रफीक शेख( 17) के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के उत्तरी बेगमगंज पंचायत के फुटानीबाजार सीताराम टोला निवासी मोज्जामिल शेख का 17 वर्षीय पुत्र रफीक शेख किसी काम से मीरनगर गया था। वहीं घर वापस लौटने के क्रम में उधवा सिरासीन आरईओ सड़क सिंह जी बागान के पास विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर ट्राली के चपेट में आ गया।जिससे बाइक चालक सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रैक्टर का पहिया बाइक चालक के कमर व पैर के ऊपर चढ़ गया। जिससे पैर व कमर की हड्डी फैक्चर हो गया। वहीं इस घटना में माजेद शेख का 16 वर्षीय पुत्र नूर आलम गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।इधर लोगों ने घटना की सूचना उनके परिजनों को दी। स्वजनों ने मृतक युवक को आनन—फानन में ईलाज हेतु भागलपुर ले जाने के क्रम में रास्ते में दम तोड़ दिया।

### छत्तीसगढ़ की नाबालिग लड़कियां पलामू से बरामद, हिरासत में तीन लड़के, आर्केस्ट्रा ग्रुप में कर रही थीं काम



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

पलामू( झारखंड)। छत्तीसगढ़ और पलामू पुलिस की कार्रवाई में चार लड़कियों को बरामद किया गया है. जबकि मौके से तीन लड़कों को भी हिरासत में लिया गया है. बरामद लड़कियां छत्तीसगढ़ की रहने वाली हैं. बरामद की गयीं चार में से तीन लड़कियां नाबालिग हैं और सभी पलामू के एक आर्केस्ट्रा ग्रुप से जुड़ी हुई हैं. दरअसल, छत्तीसगढ़ में एक नाबालिग लड़की की मां ने बेटी के अपहरण होने के मामले में एफआईआर दर्ज करवायी थी. जिसके बाद छत्तीसगढ़ की पुलिस मामले में छानबीन कर रही थी. छत्तीसगढ़ पुलिस को सूचना मिली थी कि नाबालिग लड़की पलामू के मेदिनीनगर में है. छत्तीसगढ़ पुलिस ने पलामू पुलिस के साथ मिलकर मेदिनीनगर में छापेमारी की. इसी छापेमारी में मौके से अपहृत लड़की के अलावा तीन दूसरी लड़कियों को भी बरामद किया गया. इसके अलावा मौके से तीन लड़कों को भी हिरासत में लिया गया है. बरामद लड़कियां और हिरासत में लिए गए सभी लड़के पलामू के नावाजयपुर से संचालित एक आर्केस्ट्रा ग्रुप से जुड़े हुए हैं. दो लड़के पलामू के नावाजयपुर जबकि एक लड़का गढ़वा के डंडा का रहने वाला है. ये सभी रांची में आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम प्रस्तुत करने के बाद मेदिनीनगर के एक घर में रुके थे. मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस और टाउन पुलिस ने सभी को बरामद कर लिया है और पूरे मामले में आगे की छानबीन की जा रही है।

# गिरिडीहः डुमरी प्रखंड के अटकी पंचायत में नारी चौपाल का भव्य आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह, झारखंड।** सर्वप्रथम यह जानने की आवश्यकता है सखी वन स्टॉप सेंटर क्या है ?यह सेंटर हिंसा से पीड़ित महिलाओं तथा बालिकाओं को एक ही जगह सहायता देने वाला केंद्र है तथा इस केंद्र में चिकित्सा, कानूनी मनोवैज्ञानिक ,परामर्श जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है पुनः यह प्रश्न उभरता है कि आखिर यह महिला सशक्तिकरण कौन सा बीज है जो अभी तक अंकुरित होकर समाज के सामने नहीं आया है तो जब महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक राजनीतिक एवं व्यक्तिगत स्तर पर सशक्त बनाना ही वास्तव में महिला सशक्तिकरण है और यह वास्तव में बहुत आगे तक अपने सुनियोजित कार्य में सफल हुआ है। आवश्यकता है इन सभी कार्यों को कागज पर नहीं बल्कि जमीन पर उतरने की आज भी इस यह क्षेत्र चुनौतियों से भरा हुआ है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत डुमरी प्रखंड के अटकी पंचायत में नारी चौपाल का आयोजन किया गया। नारी चौपाल के माध्यम से बालिकाओं के लिए अधिक अवसरों का समर्थन करने, शिक्षा, कानूनी अधिकार, चिकित्सा, देखभाल, महिलाओं के प्रति हिंसा और बाल विवाह, गुड टच—बैड टच, जेंडर समानता, यौन उत्पीडन एवं बालक—बालिकाओं से संबंधित अन्य कानून तथा साइबर सुरक्षा आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया। इसके अलावा उन्होंने लिंग आधारित हिंसा से मुक्ति हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर गिरिडीह द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। सखी वन स्टॉप सेंटर की अन्य कर्मियों ने भी इस चर्चा में शामिल होते हुए कानूनी सहायता टोल फ्री नंबर 181 आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई तथा चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 के बारे में बतलाया गया। इस नारी चौपाल में महिलाओं को सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना, बाल विवाह उन्मूलन एवं रोकथाम, डायन कुप्रथा, बाल तस्करी, नशा मुक्त झारखंड, सखी वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड लाइन, बाल श्रम, प्रधानमंत्री वंदना योजना और पोषण के बारे में महिलाओं किशोरियों की जानकारी दी। जिससे महिलाओं को सभी चीजों की जानकारी हो। मौके पर बाल संरक्षण इकाई की श्रीमती नीलम कुमारी, बाल कल्याण समिति से चेयरपर्सन, चाइल्ड लाइन के अधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, स्थानीय ग्रामीण, मुखिया आदि उपस्थित थे।

# छतरपुर में कैंप कार्यालय 6 को, आमजनों की समस्याएं दूर करेंगे विभागीय अधिकारी

लोकतंत्र की आवाज़



● कैंप कार्यालय का अधिकाधिक लाभ उठायें स्थानीय लोगः उपायुक्त

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** उपायुक्त शशि रंजन की पहल पर पलामू में अनुमंडल स्तर पर कैंप कार्यालय का अधिष्ठापन किया जा रहा है। पहला कैंप कार्यालय हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में 27 फरवरी 2025 को आयोजित किया गया। जबकि दूसरा कैंप कार्यालय 6 मार्च 2025 को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में आयोजित होगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। उपायुक्त शशि रंजन ने कैंप कार्यालय के दौरान जिले के विभिन्न विभागों के सभी पदाधिकारियों को कैंप कार्यालय में पहुंचने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि कैंप कार्यालय में लोगों को विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएगी।

पदाधिकारी आमलोगों की समस्याएं सुनेंगे एवं उसका त्वरित समाधान करेंगे। त्वरित समाधान योग्य मामले नहीं रहने की स्थिति में निर्धारित समयावधि में समस्याओं का निष्पादन करेंगे और इसके लिए संबंधित व्यक्ति को अवगत करायेंगे। उन्होंने कहा कि कैंप कार्यालय के अधिष्ठान से जिला स्तरीय प्रशासनिक पदाधिकारी लोगों के नजदीकी अनुमंडल में ही समस्याएं सुनकर निदान कर रहे हैं। लोग जिला में जाने से बच पा रहे हैं। इससे उनका अर्थ और समय दोनों की बचत हो रही है, जिसका वह अपने उत्थान में उपयोग कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि कैंप कार्यालय के दौरान विकास योजनाओं की भी समीक्षा होगी। इससे संबंधित अनुमंडल क्षेत्र के विकास योजनाओं के प्रगति का आकलन होगा। वहीं संबंधित विभागों को पदाधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण से संचालित योजनाओं का भौतिक सत्यापन हो सकेगा और कमियों को दूर करने एवं विकास कार्यों को गति देने में मदद मिलेगी।

विदित हो कि प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय का आयोजन किया जाना है। वहीं प्रत्येक माह के चतुर्थ गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय अधिष्ठापित होना है। मार्च माह में द्वितीय गुरुवार को अवकाश घोषित है। ऐसे में उपायुक्त के स्तर पर प्रथम गुरूवार को ही कैंप कार्यालय आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसी के तहत छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में 6 मार्च 2025 को 11 बजे से कैंप कार्यालय अधिष्ठापन की तैयारी की गई है।

**कैंप कार्यालय में कई सेवाएं कराई जाएगी उपलब्ध :** उपायुक्त शशि रंजन ने स्थानीय लोगों से अपील किया है कि संबंधित कैंप कार्यालय में पहुंचकर किसी भी सरकारी योजना का लाभ, शिकायत या समस्या का समाधान अवश्य कराएं। कैंप कार्यालय में कई सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें मुख्य रूप से परियोजनाओं एवं योजनाओं की भूमि चिन्हित, हस्तकत एवं विवाद समाधान किया जाएगा। वहीं वन भूमि के बदले अन्य भूमि/ सरकारी भूमि स्थानांतरण, बिजली बिल संबंधी शिकायतों का समाधान, पेयजल समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। वहीं इससे संबंधित शिकायतों का त्वरित निष्पादन कर आमजनों को सरकार की योजनाओं से अच्छादित करने का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि कैंप कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सर्जन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड आदि योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभ प्रदान किया जाएगा।

## बगोदर में पॉलिटेक्निक कॉलेज का मामला विधायक ने उठाया सदन में



**लोकतंत्र की आवाज**
**घनश्याम पाठक**
**बगोदर ।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 2016 में पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण किया गया है जिसकी लागत 32 करोड रुपए लगभग हुई है और 2019 में इसे पूरी कर ली गई है विधायक ने विधानसभा सत्र के दौरान सदन से यह पूछा कि आखिर इसमें सुचारू रूप से पठन—पाठन कब से शुरू कराई जाएगी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारियों की भरणी कब शुरू की जाएगी बगोदर के अलावे इलाके के लोग इससे बहुत ही आशा उम्मीद पाले हुए हैं कि मेरे इलाके में पॉलिटेक्निक विद्यालय होने से ग्रामीण इलाकों के छात्र—छात्राएं इसका लाभ ले पाएंगे विधायक नागेंद्र महतो ने अपने प्रसन में यह भी जानने का प्रयास किया कि इस इलाके में सरिया बिरनी बरकट्ठा विष्णुगढ़ के सभी छात्र इससे लाभान्वित होंगे इसे पूर्ण रूप से सुचारू करने का पहल कब किया जाएगा ।

# झारखंड में जल्द ही दिखेगा बड़ा बदलाव, बजट के बाद इन 8 टूरिस्ट प्लेस को वर्ल्ड क्लास बनाने की तैयारी

लोक तंत्र कीआवाज




**धनबाद।** राज्य सरकार ने राज्य के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर ग्लास ब्रिज जैसे अत्याधुनिक संरचना के विकास, रोपवे आदि के माध्यम से देसी एवं विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने की सोच दिखाई है। इसी उद्देश्य से राज्य बजट में पर्यटन के विकास पर अधिक जोर दिया गया है। झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता का लाभ उठाकर राज्य के राजस्व में वृद्धि की जाए, इस उद्देश्य से राज्य के विभिन्न जलप्रपातों के सौंदर्यीकरण का भी प्रस्ताव वित्तीय वर्ष 2025—26 के बजट में किया गया है। 336.64 करोड़ रुपये राज्य में पर्यटन के विकास पर खर्च होंगे।

राज्य सरकार ने अपने बजट में पर्यटन के विकास के लिए दशम, हुंडरू, नेतरहाट तथा पतरातू में बिहार के राजगीर की तर्ज पर ग्लास ब्रिज का निर्माण करने का प्रस्ताव किया है। साथ ही जोन्हा, हुंडरू, कौलेश्वरी एवं त्रिकूट में नए रोपवे का निर्माण होगा। बजट में खूंटी के पेरवाघाघ जलप्रपात तथा पांडुपुडिंग पर्यटन स्थल को इको टूरिज्म सर्किट के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव भी अपने बजट में किया है। तिलैया, चांडिल, मंडल, तेनुघाट डैम के पर्यटकीय विकास का भी प्रस्ताव है। साहिबगंज जिले के भोगनाडीह में सिदो कान्हू मुर्मू जन्मस्थली का उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण होगा। गिरिडीह स्थित खंडोली पर्यटन स्थल का जीर्णोद्धार होगा। गोड्डा के सुंदर डैम तथा गुमला जिला के नागफेनी—अंबाघाट के पर्यटकीय विकास का भी प्रस्ताव बजट में है। नेतरहाट, गिरिडीह के उसरी जलप्रपात, लातेहार के बूढ़ाघाघ तथा हुंडरू जलप्रपात का भी विकास होगा।

**धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगी सरकार :** राज्य सरकार ने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं बजट में ली हैं। इसके तहत रांची के तपोवन मंदिर का विकास किया जाएगा। वहीं, रजरप्पा मंदिर कांप्लेक्स का पर्यटकीय विकास का भी प्रस्ताव बजट में है। 16वीं शताब्दी में निर्मित पलामू किला का संरक्षण करते हुए विभिन्न सुविधाओं का विकास कर पलामू की गौरवशाली अतीत को नई पीढ़ियों के समक्ष लाने की भी घोषणा बजट में की है।

**कई अकादमी की होगी स्थापना :** झारखंड संगीत कला अकादमी, झारखंड ललित कला अकादमी, क्षेत्रीय भाषाओं के लिए साहित्य कला अकादमी की स्थापना होगी। बजट में इसका प्रविधान किया गया है।

# महुआ शराब की बिक्री पर नही लगा लगाम युवा वर्ग सबसे ज़्यादा इसकी चपेट में आ रहें

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**हंटरगंज(झारखंड)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के पाण्डेयपुरा मे महुआ शराब की बिक्री पर कोई रोकथाम नही लगायी जा रही है। महुआ शराब की बिक्री से समाज तो दूषित हो ही रहा है साथ मे भारी संख्या मे घर बर्बाद हो रहे है। विचारणीय बात तो ये है की इससे हमारे क्षेत्र का युवा वर्ग पतन की ओर जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप आये दिन क्षेत्र से शराब के नशे के कारण लड़ाई झगड़े मार पीट जैसी घटनाये उजागर हो रहा है।

वही दूसरी ओर क्षेत्र मे लगने वाले हाट बाज़ारो मे सरेआम शराब की बिक्री प्रशासन की निष्क्रियता को दर्शा रहा है जिसके फलस्वरूप बाजार मे खरीदफरोख्त करने वाले लोग वहा से शराब पी कर अपने घर आने के क्रम मे कई बार भीषण सड़क हादसा के शिकार हो जाते है।बाजार मे महुआ शराब की बिक्री से पड़ोसी राज्य बिहार से असामाजिक तत्वों का आना जाना लगा रहता है और ये वही लोग रहते है जो क्षेत्र मे चोरी,बाईक लूट ,और छीन छोर जैसी घटनाओ को अंजाम देते है।उक्त सभी घटनाओ पर लगाम लगाने के लिए सर्वप्रथम क्षेत्र मे लगने वाले हाट और बाजारो मे महुआ शराब को ले कर सघन छापेमारी करने की जरूरत है। पाण्डेयपुरा आस पास के क्षेत्रो मे महुआ शराब बनाने वाले और बेचने वाले पुरी निर्भीकता से शराब की बिक्री कर रहे है जो हमारे समाज पर बुरा प्रभाव डाल रहा है।महुआ शराब की बिक्री पर लगाम लगाने के लिए क्षेत्र मे महुआ शराब बनाने वाले और बेचने वालो पर बर्बरता से कारवाई करने की जरूरत है ताकि क्षेत्र मे फैल रहे महुआ शराब जैसे प्रदूषण से निजात पाया जा सके।

# लोहरदगा जिला प्रशासन और द हंस फाउंडेशन के बीच समझौता (एम ओ यू) पर हस्ताक्षर

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**लोहरदगा(झारखंड)।** जिले में पहले से संचालित छह मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (एम एम यू) की सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए लोहरदगा जिला प्रशासन और द हंस फाउंडेशन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता (एम ओ यू) पर आज शनिवार को हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, सिविल सर्जन डॉ शम्भूनाथ चौधरी, हंस फाउंडेशन के क्षेत्रीय सीनियर मैनेजर शिशुपाल मेहता, प्रोग्राम मैनेजर सैमुअल सिंह और प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अमित कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। लोहरदगा जिले में संचालित ये मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (एम ओ यू) ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस समझौते के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं निरंतर मिलती रहें।

इस अवसर पर प्रोग्राम मैनेजर सैमुअल सिंह ने कहा, ₹मोबाइल मेडिकल यूनिट्स ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह साझेदारी स्वास्थ्य सुविधाओं को और सशक्त बनाएगी तथा जिले के प्रत्येक व्यक्ति तक जरूरी चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने में सहायक होगी। द हंस फाउंडेशन के रीजनल सीनियर मैनेजर (ईस्ट) शिशुपाल मेहता ने कहा, ₹द हंस फाउंडेशन का उद्देश्य देश के ग्रामीण और वंचित समुदायों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। यह समझौता इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जिससे लोगों को घर के नजदीक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इस समझौते के तहत छह मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (एम एम यू) जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, जांच, दवा वितरण और रेफरल सेवाएं प्रदान करना जारी रखेंगी।

# छत्तीसगढ़ में शहीद हुए पलामू के महिमानंद शुक्ला के घर पहुंचकर सीआरपीएफ डीजी ने श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार से मिले

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में हुए नक्सली हमले में जिले के शहीद जवान महिमानंद शुक्ला के घर सीआरपीएफ के डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह बुधवार को दोपहर बाद पहुंचे. इस दौरान सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के कई आला अधिकारी भी मौजूद थे. 11 फरवरी को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में हुए लैंड माइंस विस्फोट में पलामू के लाल महिमानंद शुक्ला गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे. इस विस्फोट में उनके दोनों पैर उड़ गए थे. गंभीर हालत में उन्हें रायपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया था. जहां उनका निधन हो गया.

बुधवार को सीआरपीएफ के डीजी के साथ झारखंड सेक्टर के आईजी साकेत सिंह, झारखंड एडीजी अमोल वी होमकर, आईजी सुनील भास्कर, डीआईजी वाईएस रमेश, सीआरपीएफ डीआईजी पंकज कुमार, पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने उनके घर पर श्रद्धांजलि दी. इस दौरान डीजी ने शहीद महिमानंद शुक्ला के परिजनों से मुलाकात की. करीब 20 मिनट तक बच्चों से बातचीत की और भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा. शहीद महिमानंद की बेटी ने आईजी को बताया कि वह फैशन डिजाइनर बनना चाहती है. इस दौरान झारखंड सेक्टर के आईजी साकेत कुमार सिंह ने अपना नंबर परिजनों को दिया.

देश के तरफ से शहीद महिमानंद शुक्ला को श्रद्धांजलिः डीजीडीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हेड कॉन्स्टेबल महिमानंद शुक्ला शहीद हो गए. उन्होंने कहा कि यह देश की तरफ से श्रद्धांजलि है. दुख की घड़ी में सीआरपीएफ उनके साथ खड़ी है. कोई भी समस्या हो उनके समाधान किया जाएगा. उन्होंने कहा कि बल की तरफ से और पूरे देश की तरफ से श्रद्धांजलि दी जाती है.बूढ़ापहाड़ नहीं गए सीआरपीएफ डीजी, चाईबासा घटना के कारण हुई देरहेड कॉन्स्टेबल महिमानंद शुक्ला को श्रद्धांजलि देने के बाद डीजी सीआरपीएफ को बूढ़ापहाड़ जाना था. लेकिन चाईबासा की घटना के कारण पलामू में डीजी देर से पहुंचे थे. जिसकी वजह से डीजी सीआरपीएफ बूढ़ापहाड़ नहीं जा सके।

# गिरिडीह में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पिछले मंगलवार को अपना 52वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह, झारखंड।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपना 52 वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत संगीत आदिवासी नृत्य, इत्यादि के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई ।मनाया ढोल नगाड़ों के बीच केक भी काटी गई क्योंकि 4 मार्च को गांडेय विधायक कल्पना सोरेन जी का जन्म दिवस भी था, सर्वप्रथम बड़े माला से झारखंड के मुख्यमंत्री एवं गांडेय विधायिका का भव्य स्वागत किया गया और जब यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थानीय नेताओं के द्वारा बूके देकर भी हेमंत सोरेन जी का भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर हेमंत सोरेन जी एवं गांडेय विधायीका को मुकुट देकर विशेष सम्मान से नवाजा गया। गिरिडीह झंडा मैदान को बड़े ही भव्य तरीके से सजाया गया था । इसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गांडेय विधायीका कल्पना सोरेन राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद गिरिडीह प्रखंड विधायक सह मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू जी, अल्पसंख्यक मोर्चा के हाफिजुल हसन इत्यादि आते हैं गिरिडीह में ऐसा भव्य स्वागत तो देखने लायक था मुख्यमंत्री को सम्मान प्रदान करने में कोई कोर कसर ना छोड़ी गई वैसे इन सभी भव्य आयोजन के पीछे मुख्य रूप से गिरिडीह प्रखंड विधायक झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुदीव्य कुमार सोनू जी का है पूरा व्यवस्था माना जा रहा है ।सूत्रों की माने तो ऐसी भी बात कही जा रही है कि एक तीर से दो निशान साधने का प्रयास हो सकता है क्योंकि नगर निगम चुनाव भी सर पर है और नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत निवास करने वाले लोगों के बीच यहां से निकला संदेश कुछ न कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ कार्य करेगा शहरी क्षेत्र के आदिवासी समुदाय के पास गया यह संदेश खाली नहीं जाएगा।

# बिजनौर में आगामी त्योहारोंके मद्देनजर थाना नजीबाबाद प्रांगण में शांति समिति गोष्ठी के आयोजन की सूचना मीडिया को 15 मिनट पहले देने पर मीडिया कर्मियों में नाराजगी

## 4 बजे आयोजित शांति समिति की गोष्ठी की सूचना पत्रकारों को 3:45 मिनट पर मीडियाकर्मियों ने नाराजगी दिखाई



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

**नृजीबाबाद** । आगामी त्यौहारो होली व ईद के मद्देनजर थाना नजीबाबाद प्रांगण में नायब तहसीलदार सुश्री ममता व प्रभारी निरीक्षक थाना नजीबाबाद द्वारा शाति समिति की गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिस में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शिरकत की। थाना प्रभारी निरीक्षक नजीबाबाद द्वारा आगामी त्यौहारों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

मंगलवार को थाना नजीबाबाद के प्रांगण में आगामी त्यौहारो होली और ईदुल फितर को लेकर शांति समिति की गोष्ठी का आयोजन नावब तहसीलदार सुश्री ममता व प्रभारी निरीक्षक थाना नजीबाबाद द्वारा किया गया। जिस में क्षेत्र के समस्त धर्मगुरु व पूर्व प्रधान, शांति समिति की गोष्ठी का आयोजन प्रधान, सभासद, पत्रकार बंधु इत्यादि गोष्ठी में उपस्थित हुए। इस अवसर पर होली और ईद के त्योहार के मद्दे नजर नजीबाबाद थाना प्रांगण में नायब तहसीलदार सुश्री ममता व प्रभारी निरीक्षक थाना नजीबाबाद द्वारा 4 बजे आयोजित शांति समिति की गोष्ठी की सूचना थाना नजीबाबाद के सोशल मीडिया ग्रुप पर 3:45 मिनट पर डाली गई। जिस से पत्रकारो में नाराजगी रही। और बड़ी कम संख्या में मीडियाकर्मी शांति समिति की गोष्ठी में पहुंचे। वही कुछ मीडियाकर्मियों ने थाना नजीबाबाद के सोशल मीडिया ग्रुप पर इस को लेकर आपत्ति भी दर्ज कराई।

थाना प्रभारी जय भगवान सिंह ने उपस्थित् सभी धर्म गुरुओं से कहा कि आगामी त्योहारों को आपसी सौहार्द मनाए उसमें कोई भी नई परम्परा शुरू नहीं होनी चाहिए । उन्होंने कहा की नजीबाबाद एक ऐसा कस्बा है जो गंगा जमुना तहजीब के लिए जाना जाता है। यही वजह है कि कभी भी किसी भी दंगा या फसाद में आज तक नजीबाबाद का नाम कभी नहीं आता। ये आप सभी भाइयों के लिए बड़े गर्व की बात है। थाना प्रभारी जय भगवान सिंह ने कहा कि होली के त्यौहार पर सभी हिन्दू सभी हिन्दू भाई मुस्लिम भाइयों की भावनाओं का पूर्ण रूप से ख्याल रखते हुए आपस में होली का मजा ले क्योंकि रमजान ए मुबारक का महीना चल रहा है इसलिए किसी बाइक सवार या पैदल जाने वाले पर कृपया रंग ना डाले अपने त्यौहार को मौज मस्ती के साथ मनाए।

उन्होंने आगे कुकी जैसे की रमजान का महीना चल रहा मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील करना चाहता हूं की जुमे की नमाज अदा कर अपने घरों को चले जाए। और कोशिश करके घर में ही रहे कोई जरूरी कार्य हो तो ही बाहर के लिए निकले आपके नजीबाबाद में हर त्यौहार हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल पेश करता है मुझे उम्मीद है कि आगे भी आपकी यही मोहब्बती का सिलसिला जारी रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी नगर के सभी धर्म गुरुओं ने भी आश्वासन देते हुए कहा की हमारे नजीबाबाद में जो हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल पेश की जाती रही है वो आगे भी बरकार रहेगी। होली और ईद का त्यौहार परम्परा और सदभाव के साथ मनाया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### डॉ रतन गुप्ता के द्वारा रेवाड नवोदयविद्यालयमेअल्बेंडाजोन का दवा 19 वर्ष के बच्चों औरबच्चीयो को खिलाया गया



लोकतंत्र की आवाज
धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय के रेवार गांव में नवोदय विद्यालय रेवार पकरीबरावां के प्रांगण में मुख्य रूप से उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर रतन गुप्ता एवं नवोदय विद्यालय पकरीबरावां के प्रधानाचार्य डॉक्टर रामानंद तिवारी की देखरेख में कृमि मुक्ति दवाओ का विद्यालय के सभी बच्चों में अल्बेंडाजोन दावा को खिलाया गया डॉ रतन गुप्ता ने बताया कि दवा को 19 वर्ष तक के आयु वाले बच्चों को खिलाया गया है वहीं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक हसीबुर रहमान ने बताया कि हर साल दवा खिलाने के लिए विशेष प्रकार का कैंप का आयोजन कर दवा का वितरण किया जाता है जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित हुए।

### बागमती संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ताओ की बैठक



लोकतंत्र की आवाज
दीपक कुमार

गायघाट। मुजफ्फरपुर जिला के बेनीबाद थानान्तर्गत मिश्रौली गांव मे बागमती संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ताओ की बैठक बुलाई गई जिसमे सर्वसम्मति से यह निर्णय लिए गए कि बागमती तटबंध कार्य को हर हाल मे रोकना है। जानकारी के लिए बता दे यह योजना बहुत पुरानी है जो नेहरू सरकार के समय संसद मे पेश हुए, इंदिरा गांधी के समय काम हुए तो विरोध के कारण आगे नही बढ पाये। गायघाट प्रखंड क्षेत्र मे 2011 से यह आंदोलन चल रहा है, यहां लोगो ने कई बार ट्रैक्टर जेसीबी वालो को खदेर दिया है। आज के बैठक मे सीताराम राय, रवीन्द्र किशोर, रामलोचन सिंह, मोनाजीर हसन, रंजीत कुमार सिंह, मुकेश कुमार, आदी कई लोग सामिल हुए। आइये सुनते है मोर्चा के संयोजक जीतेन्द्र राय ने क्या कुछ कहा है।

### शिक्षकों ने टी एल एम का प्रदर्शन किया



लोकतंत्र की आवाज

ताजपुर/समस्तीपुर। जिले के ताजपुर प्रखंड संसाधन केंद्र ताजपुर में बुद्धवार के दिन प्रखंडस्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंडाधीन 16स्कूलों से लगभग 50 शिक्षकों ने स्वयं निर्मित टीएलएम का प्रदर्शन किया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी स्तर से गठित निर्णायक मंडल ने भाषा, गणित, पर्यावरण से संबंधित टीएलएम का गहनता पूर्वक अवलोकन पश्चात जिला हेतु चयनित किया। जिसमे सक्रिय तराजू, प्रेपोजिसन मैप वर्णमाला कॉन्सेप्ट, उपसर्ग प्रत्यय आधारित, जल चक्र जलसंचय आदि टीएलएम काफी आकर्षक एवं रोचक थे।मौके पे निर्णायक मंडली ब्रज देव बलि प्रसाद वर्मा, राजीव वर्मा, अबू मो फखरुद्दीन, प्रिय रंजन राजन, लेखापाल अनीश कुमार, प्रधानाध्यापक कुंदन कौर तिवारी,अरुण कुमार थे।

### डीसी ने किया भारतमाला परियोजना के समीक्षा बैठक

लोकतंत्र की आवाज
अमित कुमार, व्यूरो चीफ

चतरा। समाहर न्यायालय स्थित उपायुक्त कार्यलय कक्ष में उपयुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता मे भारत माला परियोजना से संबंधित समीक्षा बैठक की गई बैठक में सर्वप्रथम राइतो का भुगतान मुवाजा, विवादित भूमि, जिसमें हंटरगंज, चतरा, पथलगड़ा और सिमरिया क्षेत्र के अंचल अधिकारीसे क्रमवार कई महत्वपूर्ण जानकारी ली गयी एवम कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए! विवादित भूमि को चिन्हित कर जिला भू अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय में विवादित भूमि का प्रतिवेदन भेजें जिससे सुनबाई की प्रक्रिया जल्द हो सके! जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह ने बताया की भारतमाला परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई भूमि का 157.57 करोड़ का भुकतान किया जाना है जिसपर पूर्व भुकतान 125.66करोड़ किया जा चूका है इस पर उपायुक्त सभी संबधित को निर्देशित करते हुये कहा की मार्च माह तक पूरा करें।

# मुजफ्फरपुर: कमरे में मिला गर्भवती महिला का शव



लोकतंत्र की आवाज

दीपक कुमार

**मुजफ्फरपुर** । परिजन ने हत्या की जताई है आशंका। पति और पत्नी दोनों ही मिलकर करते थे कपड़ों का कारोबार। जिले के काजीमोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के आमगोला टी. ओ. पी. के पास नाका गली का मामला। मौके पर पहुंची स्थानीय थाना की पुलिस और पुलिस पदाधिकारी मामले की जांच में जुट गई। वहीं इस दौरान घटना की जानकारी इलाके में आग की तरह फैल गया जिसके बाद लोगों की भीड़ उमड़ पड़ा ।

# आबकारी विभाग की ई लॉटरी प्रक्रिया राजकीय मेडिकल कालेज आडिटोरियम में 6 मार्च 10 बजे प्रारम्भ की जाएगी

लोकतंत्र की आवाज

**उरई जालौन** । आबकारी विभाग की देसी शराब दुकान, कंपोजिट शॉप, मॉडल शॉप और भांग की फुटकर दुकानों की ऑनलाइन ई–लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन राजकीय मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम हॉल, उरई में 06 मार्च को पूर्वाह्न 10:00 बजे से किया जाएगा। इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि गेट नंबर 1 से आवेदकों का प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, सुरक्षा की दृष्टि से प्रॉपर बेरिकेडिंग की व्यवस्था की जाए और पार्किंग स्थल पर वाहनों को सुव्यवस्थित ढंग से खड़ा कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवेदकों को रजिस्ट्रेशन स्लिप और आवश्यक अभिलेखों के साथ नियत स्थान पर समय से पहुंचना अनिवार्य होगा।जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि आवेदकों की चेकिंग अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि कोई भी अस्त्र–शस्त्र या ज्वलनशील पदार्थ परिसर में न ला सके। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए, पुलिस बल की तैनाती भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### ● आबकारी दुकानों की ई–लॉटरी प्रक्रिया की तैयारियों का लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) प्रेमचंद मौर्य, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, आबकारी अधिकारी भूपेंद्र सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अर्चना सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसडीओ की अध्यक्षता में कौलेश्वरी विकास प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

## प्रबंधन समिति ने किया राजकीय कौलेश्वरी महोत्सव आयोजन की मांग



लोक तंत्र की आवाज़

अमित कुमार, ब्यूरो चीफ चतरा

चतरा। हंटरगंज प्रखण्ड कार्यालय सभागार में चतरा अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम की अध्यक्षता में बुधवार शाम 3 बजे कौलेश्वरी विकास प्रबंधन समिति की बैठक की गई। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार उपस्थित रहें। कौलेश्वरी मंदिर विकास को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी और अपर समाहर्ता के द्वारा एक एक प्रबंधन समिति के सदस्यों की बात सुनी वही मंदिर की विकास आय–व्यय सहित अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में कौलेश्वरी विकास प्रबंधन समिति द्वारा सर्वसम्मती से कौलेश्वरी महोत्सव को लेकर 12 मार्च को बैठक रखी गई है।बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम , हंटरगंज अंचल अधिकारी अरुण मुंडा, कौलेश्वरी विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष मिथलेश श्रीवास्तव, पूर्व जिला परिषद सदस्य जयहिंद पासवान, पवन कुमार , संदीप कुमार मिश्रा, प्रभारी वनपाल चंदन कुमार, अरमेंद्र कुमार केशरी, सबिता पांडे आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# कुलपति ने भौतिकी विभाग के नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन, महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए



लोकतंत्र की आवाज

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने बुधवार को स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग में नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन किया। इस उद्घाटन समारोह के बाद, कुलपति की अध्यक्षता में अंगीभूत महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय अंतर्गत चारों जिलों के महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रभारी प्रधानाचार्य, और विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विश्वविद्यालय प्रशासन से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें शिक्षा, परीक्षा और वित्तीय मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया।

**प्रशासनिक सुधार :** कुलपति ने महाविद्यालयों को निर्देश दिया कि वे अपनी कैश बुक, डीसीआर की अद्यतन स्थिति, ऑडिट रिपोर्ट और वेबसाइट से संबंधित जानकारी शीघ्र विश्वविद्यालय मुख्यालय को भेजें।

इस बैठक में कुलसचिव डॉ. अजय कुमार पंडित, वित्तीय परामर्शी इंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार ओझा, सीसीडीसी डॉ. गजेंद्र प्रसाद और अध्यक्ष, छात्र-कल्याण प्रो. अशोक कुमार मेहता सहित विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित थे। बैठक का समापन प्रो. अशोक कुमार मेहता ने कुलपति के निर्देशानुसार किया।

यह बैठक विश्वविद्यालय की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर केंद्रित रही। कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने शिक्षा और प्रशासनिक सुधार के लिए महाविद्यालयों को एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया।

### मुख्य निर्णय

1. छात्र संघ चुनाव की तैयारियां : कुलपति ने छात्र संघ चुनाव को प्राथमिकता देते हुए सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया कि वे 15 दिनों के भीतर मतदाता सूची विश्वविद्यालय को भेजें और मई तक चुनाव संपन्न कराने की प्रक्रिया को तेज करें। उन्होंने चुनाव के संचालन के लिए सभी महाविद्यालयों को दिशा–निर्देश भेजने की बात की ताकि चुनाव निष्पक्ष और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित हो सकें।
2. नैक प्रत्यायन और शैक्षणिक सुधार : नैक प्रत्यायन को लेकर कुलपति ने महाविद्यालयों को निर्देश दिया कि वे अपनी अद्यतन जानकारी सात दिनों के भीतर सीसीडीसी कार्यालय को भेजें। इसके अलावा, विश्वविद्यालय के शोध–उन्मुख विकास के लिए मूक लैब निर्माण, प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण और पुस्तकालयों में ई–लर्निंग संसाधनों के विस्तार पर भी चर्चा की गई। नैक मानकों के तहत सोलर पैनल और अग्निशमन यंत्रों की स्थापना को अनिवार्य किया गया।
3. यूजी कॉनवोकेशन और "वाइस–चांसलर मेडल" प्रस्ताव : बैठक में यूजी कॉनवोकेशन आयोजित करने की योजना पर विचार हुआ, और कुलपति ने अलुमनी एसोसिएशन के सहयोग से "वाइस–चांसलर मेडल" की शुरुआत का प्रस्ताव रखा।
4. वेतन भुगतान और वित्तीय अनुशासन : होली के अवसर पर कुलपति ने सभी नियमित शिक्षकों, कर्मियों, अतिथि शिक्षकों, दैनिक एवं आउटसोर्स कर्मियों के वेतन का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के आदेश दिए। इसके साथ ही, परीक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों को अग्रिम राशि देने की घोषणा की गई।
5. महाविद्यालयों में नए कोर्स की शुरुआत : कुलपति ने महाविद्यालयों में बीबीए, बीसीए और अन्य वोकेशनल कोर्स शुरू करने की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए। इस कदम से विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा मिलने की संभावना है।
6. छात्रहित में सख्त निर्णय : अनुसूचित जाति, जनजाति और महिला विद्यार्थियों से किसी प्रकार की शुल्क वसूली पर सख्त रुख अपनाते हुए कुलपति ने चेतावनी दी कि इस संबंध में कोई भी शिकायत मिलने पर त्वरित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# रिव्यू कमिटी की रिपोर्ट के बिना बागमती नदी पर तटबंध बनाने पर रोक लगाये सरकार



लोकतंत्र की आवाज

दीपक कुमार

**गायघाट** । बागमती नदी पर तटबंध बनाने पर रोक लगा कर सरकार ने कई वर्ष पहले रिव्यू कमिटी का गठन किया था। लेकिन रिव्यू कमिटी की रिपोर्ट आने के पहले ही फिर से तटबंध बनाने का काम शुरू कर दिया गया है जो सरकार के ही पिछले निर्णय के खिलाफ है। रिव्यू कमिटी की रिपोर्ट आने तक तटबंध बनाने पर रोक लगाने के लिए चास–वास–जीवन बचाओ बागमती संघर्ष मोर्चा की बैठक केवटसा पंचायत के मिश्रौली गांव में संपन्न हुई। जिसमें यह तय किया गया कि 6मार्च को जिलाधिकारी से मिलकर तटबंध निर्माण पर रोक लगाने की मांग की जायेगी। बैठक की अध्यक्षता संजीव कुमार राय ने और संचालन मुकेश शर्मा ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए बागमती संघर्ष मोर्चा के संयोजक व माले नेता जितेन्द्र यादव ने कहा कि नीतीश सरकार ने ही कई वर्ष पहले नदी विशेषज्ञों की रिव्यू कमिटी की घोषणा की थी और कहा गया था कि रिव्यू कमिटी की रिपोर्ट आने तक तटबंध निर्माण पर रोक लगा रहेगा। लेकिन आजतक रिव्यू कमिटी को प्रभावकारी नहीं बनाया गया, जिसके कारण रिव्यू कमिटी की कोई रिपोर्ट नहीं आ पाई है। लेकिन पुलिस–प्रशासन के बल पर जबरन तटबंध बनाने का काम शुरू कर दिया गया है जो सही नहीं है। प्रशासन को तटबंध निर्माण पर अविलंब रोक लगा देना चाहिए। इस संदर्भ में एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिलकर मांगपत्र प्रस्तुत करेगा। यदि निर्माण पर रोक नहीं लगाई जाती है तो बागमती क्षेत्र की जनता रोक लगाने के लिए फिर से आंदोलन तेज करेगी।

बैठक में बागमती संघर्ष मोर्च के नेता जितेन्द्र यादव, नवलकिशोर सिंह, जगन्नाथ पासवान, संजीव कुमार राय,रामलोचन सिंह,बैद्यनाथ मिश्र, उमेश राय, कर्णजीत सिंह, रविन्द्र किशोरसिंह, राजकिशोर राय,हुकूमदेव प्रसाद यादव,मुकेश शर्मा, मोनाजिर हसन, मिथलेश राय सहित अन्य लोग शामिल थे।– चास–वास–जीवन बचाओ बागमती संघर्ष मोर्चा संयोजन समिति द्वारा जारी

लोकतंत्र की आवाज स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।